■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-37)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 14 अक्टूबर , 2024



जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न 6
बिरहाना रोड : दवा की दुकान में पड़ा था 8

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: कोर्ट में हुई दोनों आरोपियों की पेशी, एक ने खुद को बताया नाबालिग



नई दिल्ली। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक आरोपी धर्मराज राजेश कश्यप ने खुद को नाबालिग बताया। धर्मराज के इस दावे के बाद अभियोजन पक्ष ने आरोपी का बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने की मांग की है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, दूसरे आरोपी गुरमेल बलजीत सिंह को कोर्ट ने सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के दोनों आरोपियों को मुंबई पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक आरोपी धर्मराज राजेश कश्यप ने खुद को नाबालिग बताया। उसने दावा किया कि उसकी उम्र सिर्फ 17 साल है। धर्मराज के इस दावे के बाद अभियोजन पक्ष ने आरोपी का बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने की मांग की है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, दूसरे आरोपी गुरमेल बलजीत सिंह को कोर्ट ने सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। धर्मराज के बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट के रिजल्ट आने के बाद कोर्ट उसकी कस्टडी पर फैसला सुनाएगा।

धर्मराज के नाबालिग होने के दावे का बाबा सिद्दीकी की ओर से पेश वकील ने खंडन किया।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने दोनों आरोपियों का आधार कार्ड बरामद किया है, जिसमें गुरमेल की उम्र 23 साल और कश्यप की उम्र 21 साल है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि अगर बचाव पक्ष के वकील को कोई समस्या नहीं है तो धर्मराज का बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट कराया जा सकता है।

मजिस्ट्रेट ने दोनों आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सिद्धार्थ अग्रवाल से कश्यप के नाबालिग होने के दावे के पक्ष में सबूत मांगे। इसपर अग्रवाल ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र नहीं है लेकिन वे बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट के लिए तैयार हैं।

अभियोजन पक्ष ने आरोपियों को 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजने की मांग की थी। अभियोजन पक्ष ने कहा, इस अपराध की जांच के लिए हमें 14 दिन की रिमांड चाहिए।

उन्होंने कहा कि आरोपी हरियाणा और यूपी के रहने वाले हैं। रेकी करने के लिए वह वहां रुके हुए थे। उन्होंने बंदूक कहां से ली और इन्हें चलाना कहां से सीखा। आरोपियों को फंडिंग किसने की, ये सब जांच का विषय है। इन सब की जांच के लिए हमें 14 दिन की रिमांड चाहिए।

बचाव पक्ष के वकील सिद्धार्थ अग्रवाल ने 14 दिन रिमांड की मांग का विरोध जताते हुए कहा, %बेशक घटना निराशाजनक है लेकिन आरोपियों ने ऐसा किया है या नहीं यह तो तय करना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गोली किसने मारी है।

मृतक एक मशहूर राजनीतिक व्यक्ति थे और संभव है कि किसी और ने ऐसा किया होगा और आरोपियों को फंसाया जा रहा है। 14 दिन की हिरासत की मांग उचित नहीं है।

## महाराष्ट्र की राजनीति गरमाई, कांग्रेस-शिवसेना नेताओं ने की फडणवीस के इस्तीफे की मांग



मुंबई। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के हत्याकांड ने महाराष्ट्र की कानून-व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। विपक्षी पार्टियों के नेता लगातार शिंदे सरकार पर निशाना साध रहे हैं और उनसे इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। बता दें, शनिवार को बाबा सिद्दीकी की कई राउंड गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। पिछले तीन दशक में ये पहला मामला है, जब महाराष्ट्र में किसी हाई प्रोफाइल नेता की ऐसे हत्या की गयी है।

शिवसेना (क्क्ष) नेता संजय राउत ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर प्रतिक्रिया देते हुए देवेंद्र फडणवीस को गृह मंत्री के पद से हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा, यह मुख्यमंत्री की विफलता है, जिस तरह से अपने स्वार्थ के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है, यह उसका नतीजा है कि कानून और पुलिस का कोई डर नहीं है और इस तरह दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं। हम अब तक कहते रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस गृह मंत्री के तौर पर विफल रहे हैं, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए लेकिन अब सिर्फ इस्तीफे की बात नहीं है। राज्यपाल को हस्तक्षेप कर देवेंद्र फडणवीस को गृह मंत्री के पद से हटाना चाहिए।

बाबा सिद्दीकी हत्या के मामले पर शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, बाबा सिद्दकी काफी सम्मानित नेता थे। राजनीति के अलावा उनके सभी लोगों से अच्छे संबंध थे... ये घटना दिखाती है कि महाराष्ट्र में हमारी कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अगर हम घटनाक्रम देखें तो उन्होंने 15 दिन पहले कहा था कि उन्हें धमकियां दी जा रही है। उन्हें ङ्ख-श्रेणी की सुरक्षा भी दी गई थी लेकिन फिर भी इतना बड़ी विफलता होना, बांद्रा जैसे क्षेत्र में उनकी हत्या हो जाना कानून-व्यवस्था की नाकामी को दिखाता है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या हो गया है हमारी मुंबई पुलिस को? जो दुनिया भर में मानी जाती है। आपने महाराष्ट्र को उस जगह लाकर छोड़ दिया है जहां न तो कानून-व्यवस्था है और न ही न्याय व्यवस्था है, केवल और केवल लूट हो रही है।

### नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत का मामला

## राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर फिर उठाए सवाल



नई दिल्ली। महाराष्ट्र के नासिक में हाल ही में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत हो गयी थी। इस मामले के सामने आने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सवाल पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है? इसके अलावा उन्होंने यह भी सवाल किया कि 'अग्निवीर' के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे?

रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने लिखा, नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में सरकार असफल रही है।इस पोस्ट में आगे गांधी ने मोदी सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा जब दोनों ही सैनिकों की जि़म्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? राहुल ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। उन्होंने पोस्ट में आगे कहा कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जि़ंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है?राहुल ने जनता से अपील की कि मिलकर इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।क्ष्छ्क्कसरकार की 'अग्निवीर' योजना को हटाने के लिए, देश के युवाओं और सेना के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमारे %जय जवान% आंदोलन से आज ही जुड़ें! बता दें, नासिक जिले के आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान एक गोले के फट जाने से अग्निवीरों गोहिल और सैफत की मौत हो गई थी।नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर - गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित - का निधन एक दर्दनाक घटना है।

## सीएम योगी का दीपावली तोहफा, देगी मुफ्त में एलपीजी सिलेंडर

दीपावली से पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा देने जा रही है. इस साल दिवाली पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत यूपी सरकार 1.85 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देगी. इसको लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी कर दिया है और अधिकारियों से दिवाली के पहले सभी तरह की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है ताकि सभी लाभार्थियों को समय पर इस योजना का लाभ मिल सके.यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने आदेश में कहा, 'दीपावली के अवसर पर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के सभी लाभार्थियों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर वितरित किया जाना है. इस संबंध में समय से सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं. प्रत्येक दशा में दीपावली से पहले सभी लाभार्थियों के घर रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाना चाहिए. 'दीपावली के अवसर पर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के सभी लाभार्थियों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर वितरित किया जाना है।इस संबंध में समय से सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं। प्रत्येक दशा में दीपावली से पहले सभी लाभार्थियों के घर रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाना चाहिए - यूपी सरकार इस साल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.85 करोड़ लाभार्थियों को दीपावली पर फ्री एलपीजी सिरेंडर देगी. पिछले साल इस योजना के तहत 85 लाख महिला लाभार्थियों को निशुल्क एलपीजी सिलेंडर मिला था.

करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं





बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,9335908846


करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT
638y-1, Block Kidwai Nagar
Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur
Owner Management
Suresh Sahu
M.-8303637506, 9792526852
Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com





करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं




7705800400, 9415728160,
9936442547 | 0512-23567401
Head Office: 19/174, Patkapur, Kanpur
Branch Office: 59/88, Shukla Market, Kanpur

## संपादकीय

### घाटी में महका लोकतंत्र

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल में त्रिशंकु विधानसभा के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन जब मंगलवार को चुनाव परिणाम सामने आए तो जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने स्पष्ट जनादेश दिया। चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को निर्णायक जीत मिली है। निश्चय ही पांच साल पुराने इस केंद्र शासित प्रदेश के लिये यह एक नई शुरुआत है। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं ने खंडित जनादेश देने के बजाय एक स्थिरता को चुना। उन्होंने राजनीतिक जोड़-तोड़ की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया, जैसा कि एग्जिट पोल में त्रिशंकु विधानसभा के कयास लगाए जा रहे थे। इस बीच उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त होने वाले पांच विधायकों का सवाल भी उठा, जिनके पास मतदान का अधिकार होगा। बहरहाल, अब विजयी गठबंधन और केंद्र सरकार के लिये असली परीक्षा की शुरुआत हो रही है। इसमें सत्ता सौंपने के लिये बातचीत की प्रक्रिया भी शामिल होगी। जनादेश के बाद केंद्रशासित प्रदेश में विश्वास बहाली प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि उपराज्यपाल व निर्वाचित सरकार के बीच किसी तरह का टकराव पैदा न हो। भरोसा किया जाना चाहिए कि जनादेश का सम्मान किया जाएगा। हम उम्मीद करें कि अतीत की अप्रिय स्थितियों की छाया वर्तमान लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नजर नहीं आएगी। आशा की जानी चाहिए कि पूर्ववर्ती राज्य के दौरान हिंसा, क्षेत्रीय विभाजन, सांप्रदायिक तनाव व अलगाव की धारणाएं अतीत की बातें बन जाएं। वे नए जनादेश की आगे की यात्रा में बाधक नहीं बनेंगी। हालिया चुनाव के दौरान मतदाताओं के उत्साह व लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति ने सुखद अहसासों को पुष्ट किया है। अच्छी बात है कि क्षेत्र में लंबे समय बाद चुनाव बहिष्कार और चुनावी प्रक्रिया के प्रति अवमानना का साया हट गया है। चुनाव अभियान के दौरान मतदाताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आशा जगायी है कि घाटी में लोकतांत्रिक परंपराएं समृद्ध होंगी। भारतीय संघ के हिस्से के रूप में जम्मू-कश्मीर में स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा सशक्त हो, यह प्रयास केंद्र सरकार की तरफ से लगातार होना ही चाहिए।यह अच्छी बात है कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद अब स्थितियां सामान्य हुई हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी मतदाताओं ने उत्साह से मतदान में भाग लिया था। वैसा ही उत्साह इस विधानसभा चुनाव के दौरान भी देखा गया। यह अच्छा है कि जम्मू-कश्मीर में जिस त्रिशंकु विधानसभा के कयास लगाए जा रहे थे, वास्तविकता ठीक उसके विपरीत रही। जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने एक तरह से पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को सिरे से खारिज कर दिया। यहां तक कि पीडीपी सुप्रीमो महबूबा मुफ्ती की बेटी भी चुनाव हार गई। भाजपा को जम्मू में जरूर बढ़त मिली मगर घाटी में वह खाता नहीं खोल सकी। जिसको लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर नेशनल कान्फ्रेंस व कांग्रेस ने मिलकर पूर्ण बहुमत से अधिक सीटें जीत ली हैं।

# चुनावी नतीजों ने एग्जिट पोल के निष्कर्ष

वैसे भी आम आदमी लोकल राजनेताओं व कारकूनों की टेढ़ी नजर से बचना चाहता है। यह भी कह सकते हैं कि भाजपा की जीत में आरएसएस की बड़ी भूमिका रही। लोकसभा चुनाव के दौरान 'बिदका' संघ परिवार सभी बिरादरियों को एकजुट करने में कामयाब रहा। इस चमत्कारिक जीत में उसके मजबूत संगठन की बड़ी भूमिका रही। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बार-बार राम रहीम को दी जाने वाली पैरोल पार्टी के कितने काम आई। इतना जरूर है कि हरियाणा के अवाम ने क्षेत्रीय दलों व वंशवादी पार्टियों को आईना भी दिखाया है। वैसे राजनीति के जानकार मान रहे हैं कि कांग्रेस में आंतरिक गुटबाजी के बावजूद हुड्डा को फ्री हैंड देना भी पार्टी के लिये घाटे का सौदा बना। सिटिंग-गैटिंग का फार्मूला भी नुकसान की वजह बना, पंद्रह विधायक हार गए। हुड्डा को सारी कमान सौंपते वक्त देखा नहीं गया कि शेष बिरादरियों के नेताओं को भी तरजीह दी जानी चाहिए।



हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथ जो करिश्माई कामयाबी लगी है, उसका यकीन भाजपा दिग्गजों को भी नहीं रहा होगा। नतीजों के बाद बौखलाहट केवल कांग्रेस में नहीं थी बल्कि हरियाणवी मतदाता भी इस 'खामोश फैसले' से हैरत में पड़ गए। 5 अक्तूबर के मतदान के बाद शाम को आए अधिकांश एग्जिट पोल कांग्रेस की सत्तावापसी का ऐलान कर रहे थे। चुनावी नतीजों ने एग्जिट पोल के निष्कर्ष की साख पर भी 'राख' डाल दी। वैसे तो भाजपा के 'चाणक्यों' ने विधानसभा चुनाव की तैयारी लोकसभा चुनाव से पहले ही शुरू कर दी थी। भाजपा की माइक्रो मैनेजमेंट और कांग्रेस के खिलाफ ग्राउंड पर अंदरखाने की गई तैयारियों के परिणाम ऐसे होंगे, इसका आभास शायद भाजपा को भी नहीं था। कांग्रेस को पक्का भरोसा हो चला था कि भाजपा के खिलाफ दो पारियों की एंटी-इन्कमबेंसी की वजह से जीत उसकी थाली में अपने आप आ गिरेगी। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसी आसान जीत हरियाणा में भी कांग्रेस को नज़र आई। कांग्रेस के अति-उत्साही होने की वजह यह भी रही कि उसे पूर्व मुख्यमंत्री व हरियाणा के दिग्गज नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पक्ष में जाट वोटर के ध्रुवीकरण में खुद के लिए कामयाबी पक्की लग रही थी। कांग्रेस यह भांप ही नहीं पाई कि जाट वोटर के ध्रुवीकरण और उनके मुखर होने की वजह से अंदरखाने विरोध में गैर-जाट वोटर भी लामबंद हो रहे हैं। प्रदेश के ओबीसी व सामान्य जातियों के गैर-जाट वोटरों के अलावा एससी वर्ग ने भी अंदरखाने खामोश रहते हुए बड़ा 'खेल' कर दिया। इसमें भी कोई दो-राय नहीं है कि भाजपा ने इस चुनाव को पूरी तरह से जाट बनाम गैर-जाट बनाया। पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार कम यानी केवल 16 जाट नेताओं को टिकट देकर भाजपा ने अपनी मंशा पहले ही जाहिर कर दी थी। नतीजा, कांग्रेस को फिर से पांच साल का एक और वनवास।

कांग्रेस की इस करारी शिकस्त के साइड इफेक्ट ये सामने आए हैं कि केजरीवाल की पार्टी ने घोषणा कर दी है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। इंडिया गठबंधन के सहयोगी भी कांग्रेस को आंख दिखाने लगे हैं। वाकई हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों की तासीर के लिये हरियाणा के सजग अवाम को श्रेय देना होगा, जिसने बेहद खामोशी से अपना फैसला सुनाया। कांग्रेस ने चुनाव के लिए धुआंधार प्रचार किया। हरियाणा की राजनीति में हमेशा बड़ी दावेदारी का इजहार करने वाली बिरादरी की बेबाक बयानबाजी एवं युवाओं के उच्छृंखल व्यवहार ने हाशिये पर खड़ी बिरादरियों में चिंता पैदा कर दी। ग्रीन ब्रिगेड जैसी 'लठ संस्कृति' के अतीत को याद करते हुए कमजोर तबके का वह हिस्सा वापस भाजपा खेमे की ओर मुड़ गया, जो दो दफे की भाजपा सरकार की कारगुजारियों से नाखुश था। इन बिरादरियों ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ दिया था और राज्य की आधी लोकसभा सीटें पार्टी की झोली में डाल दी थीं।


दरअसल, हरियाणा की राजनीति में लठ गाड़ने वाली बिरादरी के अति उत्साह ने निशाने पर रही कमजोर बिरादरियों को बिदका दिया। यहां तक कि हरियाणा के कमजोर तबकों ने उन दलों पर भरोसा नहीं जताया, जिन्होंने मायावती की बहुजन समाजवादी पार्टी और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से गठबंधन किया था। उन्हें बिरादरी विशेष के दबदबे ने फिक्रमंद बना दिया था। नतीजतन, जिस बिरादरी विशेष के ध्रुवीकरण को कांग्रेस अपनी ताकत मानकर चल रही थी और जिन्हें हाईकमान ने खुला हाथ दे रखा था, वो ही उसकी हार की इबारत लिखने की वजह बनी।

हरियाणा के वजूद में आने के बाद यह करिश्मा पहली बार हुआ है कि कोई पार्टी राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब हुई हो। वहीं भाजपा लगातार दो बार की सरकार के खिलाफ उपजी एंटी-इन्कमबेंसी को टालने में कामयाब रही। शुरुआत तो पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दौरान ही करीब साढ़े 9 वर्षों तक सूबे के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को बदलकर और उनकी जगह ओबीसी के नेता नायब सिंह सैनी को हरियाणा की बागडोर थमाकर कर दी थी। भाजपा के रणनीतिकारों को दाद देनी पड़ेगी कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कामयाबी की इबारत लिखी। वहीं दूसरी ओर, बड़ी चतुराई से मनोहर लाल खट्टर पर्दे के पीछे रणनीति बनाने में तो लगे रहे मगर चुनाव अभियानों में वे खुलकर सामने नहीं आए। जैसे सत्ताविरोध का गरल उन्होंने धारण कर लिया हो। उधर एक तरफ कांग्रेस जमीन पर व मीडिया में बने माहौल से जीत के प्रति आश्वस्त थी तो भाजपा खामोशी से महीन कात रही थी, यानी माइक्रो मैनेजमेंट कर रही थी। वो छत्तीस बिरादरियों की असुरक्षा को पार्टी के लिये भरोसे में तब्दील करने में लगी थी। पार्टी के कई सिटिंग एमएलए टिकट से महरूम किए गए। यहां तक कि मुख्यमंत्री सैनी का पिछला चुनाव क्षेत्र बदलकर लाडवा कर दिया गया। पार्टी को पता था सीएम सिटी करनाल व आसपास की सीटें तो भाजपा हासिल कर ही लेगी। कई जगह उसने कांग्रेस को हराने वाले अन्य प्रत्याशियों को ताकत भी दी। लेकिन इसके बावजूद विधानसभा अध्यक्ष व आठ मंत्रियों की हार को न टाल सकी।

सतही तौर पर तो कांग्रेस हरियाणा में माहौल बनाने में कामयाब रही, लेकिन उसके नेताओं ने कभी नहीं सोचा कि उसकी रैलियों में बिरादरी विशेष की तो भीड़ है, मगर वंचित वर्ग व अन्य पिछड़ी जातियों की भागीदारी प्रचुर संख्या में नहीं है। उसके सभी सिटिंग एमएलए टिकट पाने में कामयाब हो गये। राज्य नेतृत्व व हाईकमान इस बात की पड़ताल न कर सका कि मौजूदा विधायक क्या फिर से जीतने की स्थिति में हैं। फिर दूसरी ओर ज्यादातर टिकटें हुड्डा खेमे, कुछेक सैलजा खेमे तो कुछ हाईकमान के पैराशूट प्रत्याशियों को दी गई। टिकट वितरण की यह नीति कमोबेश सब गुटों को संतुष्ट करने वाली तो थी, मगर जीत पक्की करने वाली न थी। कहीं-कहीं तो पार्टी प्रत्याशियों को कमजोर करने की बात भी सामने आई। वैसे भाजपा के रणनीतिकारों को आभास हो गया था कि पिछले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी का करिश्मा पहले जैसा नहीं चला। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में हरियाणा में पांच सीटें पार्टी के हाथ से निकल गई थीं। तभी प्रधानमंत्री की गिनी चुनी रैलियां ही हरियाणा में हुई। मोदी व योगी की रैलियों में पहले जैसी भीड़ नहीं जुटी। अंदाजा लगाया गया कि हरियाणा की कथित दबंग बिरादरियों के जलवे देखकर शेष बिरादरियों के लोग खुलकर भाजपा की रैलियों में नहीं जुट रहे थे।

# जापानी संगठन निहोन हिंडाक्यों जैसी-नोबेल शांति पुरस्कार 2024 पाया एसी

गोंदिया। वैश्विक स्तरपर बहुत दिनों से पूरी दुनियाँ में मिडिल ईस्ट से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध में हमने कई बार परमाणु बम के उपयोग की संभावना व्यक्त करते हुए प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया में कई बार सुना है व इनके भयंकर परिणाम के बारे में भी गंभीर चर्चा होती रहती है, हालांकि जापान के हिरोशिमा और नागासकी शहरों पर अमेरिका द्वारा गिराए गए परमाणु बमों के बारे हम बचपन से ही स्कूली किताबों में पढ़ते आ रहे थे,उनके भयंकर परिणामों के आज की पीि?यों में भी दिखाई देते हैं, जिनकी नजाकत को समझते हुए जापान में पीड़ितों के एक संगठन निहोन हिंडाक्यो बनाया है जो परमाणु हथियारों के विनाशकारी नतीजों का पूरी दुनियाँ में आगा ? कर जनजागरण अभियान चला रहा है इसके मूल्यों कों आखिर सशक्त पहचान मिली क्योंकि नोबेल कमेटी ने इसे संज्ञान में लेकर उनको नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है, इसलिए अब मेरा मानना है कि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सभी संगठनों संस्थाओं समितियां ने इससे प्रेरणा लेकर अपने संस्थानों संगठनों समितियों को और अधिक मजबूती व निस्वार्थ भाव से कदम बढ़ाने का संकल्प लेना होगा,क्या पता 2025 में फिर इनमें से किसी एक संगठन का नंबर लग जाए। वैसे इस बार 2024 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए मेरा आकलन भारतीय पीएम या फिर चीन के किन्हीं व्यक्तियों के समूह को मिलने का अनुमान था। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि हमारी राइस सिटी गोंदिया सहित पूरे देश की समितियां संगठन और संस्थाओं को गंभीरता से निस्वार्थ भाव से बिना राजनीतिक रिटर्न लाभ की भावना से सेवा करना उचित होगा। यहां एक छोटे से समाज में मैंने देखा है कि 50 से अधिक संगठन समितियांसंस्थाएं क्लब मिशन बने हुए हैं, उनमें मात्र उंगलियों पर गिनने वाले संगठन हैं जो निस्वार्थ व बिना राजनीतिक भावना से सेवा करते हैं,बाकी सभी के तार राजनीतिक स्थानीय विधायक सांसद छुटभैया नेताओं से जुड़े हुए हैं, व अपने आप को तुर्रमखानसमझते हैं,उनका काम सेवा नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक चमकाकर अपनी पैठ बढ़नां है,जो 12 अक्टूबर 2024 को दशहरा दहन कार्यक्रम में भी दिखाई दे रहा है। आज हम यह बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 11 अक्टूबर2024 देर शाम एक निस्वार्थ संगठन संस्था को नोबेल शांति पुरस्कार 2024 मिला है, जिससे हमें प्रेरणा लेना जरूरी है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संगठन सेवा समितियां हो तो ऐसी जापानी संगठन निहोन हिंडाक्यो जैसी,नोबेल शांति पुरस्कार 2024 पाया ऐसी।



साथियों बात अगर हम नोबेल शांति पुरस्कार 2024 की करें तो, साल 2024 के नोबल शांति पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर अमेरिकी परमाणु बम हमलों के पीड़ितों के संगठन निहोन हिडांक्यो को दिया जाएगा। संगठन को परमाणु हथियारों के विरुद्ध उनके काम के लिए दिए जाने का फैसला किया गया है। यह संगठन दुनिया को विनाशकारी हथियारों से मुक्त कराने के प्रयास में लगा हुआ है।बढ़ते तनाव के बीच शांति पुरस्कारनार्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वाल्ने फ्रिदनेस ने शुक्रवार (11 अक्टूबर) को जापानी संगठन को पुरस्कार देने कीघोषणा करते हुए कहा कि नोबेल समिति उन सभी जीवित बचे लोगों को सम्मानित करना चाहती है, जिन्होंने शारीरिक पीड़ा और दर्दनाक यादों के बावजूद, शांति के लिए आशा और जुड़ाव पैदा करने के लिए अपने अनुभवों का उपयोग करने का विकल्प चुना है। हिदान्क्यों की हिरोशिमा शाखा के अध्यक्ष तोकोयूकी मिमाकी को जब पुरस्कार की खबर मिली तो उनकी आंखें खुशी से भर आई। उन्होंने जोर से कहा, क्या यह सच है ?विश्वास नहीं हो रहा। इस साल नोबेल शांति पुरस्कारों की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब दुनियाँ के अनेक हिस्सों खासकर मध्य पूर्व,यूक्रेनऔर सूडान में भीषण संघर्ष चल रहा है।निहोन हिडांक्यो की स्थापना साल 1956 में हिरोशिमा और नागासाकी में अमेरिकी परमाणु बम हमलों से प्रभावित लोगों ने की थी। इन लोगों को जापानी में हिबाकुशा के नाम से जाना जाता है। इस संगठन का पूरा नाम जापान ए और एच-बम पीड़ित संगठनों का परिसंघहै। जापानी में इसे छोटा करके निहोन हिडांक्यो कर दिया ।यह सबसे बड़ा और सबसे इसका मिशन परमाणु हथियारों के विनाशकारी नतीजों के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा है। नोबेल समिति ने कहा है कि निहोन हिदान्क्यो ने हजारों गवाहियां उपलब्ध कराई हैं। प्रस्ताव और सार्वजनिक अपीलें जारी की हैं। साथ ही विश्व को परमाणु निरस्त्रीकरण की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न शांति सम्मेलनों में वार्षिक प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं।इसका मिशन परमाणु हथियारों के विनाशकारी नतीजों के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा है। नोबेल समिति ने कहा है कि निहोन हिदान्क्यो ने हजारों गवाहियां उपलब्ध कराई हैं। प्रस्ताव और सार्वजनिक अपीलें जारी की हैं। साथ ही विश्व को परमाणु निरस्त्रीकरण की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न शांति सम्मेलनों में वार्षिक प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं।समिति ने प्रशस्ति पत्र में कहा कि इन ऐतिहासिक गवाहों ने व्यक्तिगत कहानियों के आधार पर, अपने अनुभवों के आधार पर शैक्षिक अभियान चलाकर, तथा परमाणु हथियारों के प्रसार और उपयोग के विरुद्ध तत्काल चेतावनी जारी करके, विश्व भर में परमाणु हथियारों के विरुद्ध व्यापक विरोध उत्पन्न करने और उसे सुदृढ़ करने में मदद की है। इसमें कहा गया है कि हिबाकुशा हमें अवर्णनीय का वर्णन करने अकल्पनीय के बारे में सोचने तथा परमाणु हथियारों के कारण होने वाले अकल्पनीय दर्द और पीड़ा को समझने में मदद करता है। इसमें आगे कहा गया कि एक दिन, हिबाकुशा इतिहास के गवाह के रूप में हमारे बीच नहीं रहेंगे।

लेकिन स्मरण की एक मजबूत संस्कृति और निरंतर प्रतिबद्धता के साथ, जापान में नई पीढ़ियां इस तबाही के गवाहों के अनुभव और

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# अदाकारा उपासना सिंह का कमबैक!



यशी फिल्म्स के बैनर तले प्रवीण कुमार गुड्डुरी के निर्देशन में बन रही भोजपुरी फिल्म 'सास सरकार बहू चौकीदार' से अदाकारा उपासना सिंह का कमबैक 14 साल बाद भोजपुरी फिल्म जगत में हो रही है। इस फिल्म में उपासना सिंह एक सख्त सास का किरदार निभा रही हैं। जबकि इस के नायक व नायिका क्रमशः जय यादव और यामिनी सिंह हैं।

सास-बहू के संबंधों के बीच आए उतार चढ़ाव को ड्रामेटिक अंदाज में बयां करती इस भोजपुरी फिल्म उत्तर प्रदेश के जौनपुर के निकटवर्ती इलाकों में तेज गति से जारी है। इस फिल्म में उपासना सिंह के साथ विनोद मिश्रा, सुजान सिंह, देव सिंह, मनोज टाइगर राघव पांडेय, साहिल सिद्दीकी, रंभा साहिनी, दीपिका सिंह और एम.पी सिंह मुखिया जैसे कलाकार भी अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आएंगे।

# देश की सियासत को बखूबी समझने वाले राजनीतिक समीक्षक

बिहार की राजनीति में एक और पार्टी का उदय हुआ है। चुनावी रणनीति और चक्रव्यूह रचने वाले प्रशांत किशोर अब स्वयं अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे हैं। सुराज नाम की यह पार्टी एकाएक राजनीति के समर में नहीं उतरी है। प्रशांत किशोर ने इसके लिए लंबी तैयारी की है। पदयात्रा करके बिहार के ओर-छोर को नापा है। बिहार की सियासत के तमाम समीकरणों को अपने तराजू पर तोला है। बहरहाल, इतना तय है कि यह पार्टी अपने कुछ अलग तेवरों के साथ होगी और इसने बिहार की राजनीति में प्रभाव रखने वाली तमाम पार्टियों को इसके बारे में सोचने को विवश किया है।अभी यह भी साफ नहीं है कि यह पार्टी किसके जनाधार पर सेंध लगा सकती है। कांग्रेस आरजेडी को अपने मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट रखने की चिंता है। बीजेपी पिछड़े और सवर्ण मतदाताओं को बिखरने नहीं देना चाहती। सत्ता में बीजेपी के साथ सहभागिता करने वाली जेडीयू को पिछड़ों, अति पिछड़ों पर अपने प्रभाव को कायम रखने की जद्दोजहद है। भारत के सियासी दलों के लिए चुनावी रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर जब अपनी पार्टी लेकर आए हैं, तब कई तरह की कसौटियां उनके सामने भी हैं।चुनावी रणनीति बनाना और चुनाव के समर में उतरना दो अलग-अलग पहलू हैं। चुनाव के पैंतरों को समझकर राजनीति में सब कुछ हासिल होता तो देश की सियासत को बखूबी समझने वाले राजनीतिक समीक्षक सियासत की पारियां भी खेल रहे होते। लेकिन सियासत का जमीनी संघर्ष बहुत अलग होता है। इसलिए कई सामाजिक आंदोलन करने वाले भी सियासत से जूझते रहने और सफल आंदोलनों के बाद भी खुद सियासत का हिस्सा नहीं बन पाते। साथ ही यह भी समझना होगा कि प्रशांत किशोर ने राजनीति की शुरुआत के लिए उस बिहार को चुना है जहां सियासत हमेशा उलझी हुई रही है। जातीय और क्षेत्र के उलझे समीकरण रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि केंद्र या राज्य में स्थापित हुई सियासी पार्टियों को कोई नई पार्टी चुनौती नहीं दे सकती। तेलुगू स्वाभिमान के नारे पर 1982 में एनटी रामाराव ने तेलुगूदेशम की स्थापना की थी। इसने आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के वर्चस्व को समाप्त किया था। एनटी रामाराव की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। लेकिन कुछ ही समय में उनकी स्थापित की हुई पार्टी ने सत्ता हासिल की। आज भी आंध्र प्रदेश में तेलुगूदेशम का परचम लहरा रहा है। वर्ष 2012 में अरविंद केजरीवाल ने जिस आम आदमी पार्टी को स्थापित किया वह एक साल में ही सत्ता में आ गई थी। इस समय भी दिल्ली व पंजाब में आप की सरकार है। लेकिन इन पार्टियों की अगर बिहार में सुराज पार्टी से तुलना करें तो कुछ परिस्थितियों में अंतर दिखता है। निस्संदेह दिल्ली में आप की सफलता में अन्ना हजारे के आंदोलन का प्रताप था। भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना के आंदोलन का ज्वार ऐसे उठा कि केजरीवाल और उनके साथियों को सियासत का एक प्लेटफार्म मिल गया। ऐसे में अगर बिहार की ओर देखें तो प्रशांत किशोर के सामने पार्टी को सामने रखकर जनता को झकझोरने वाला नया मुद्दा या नारा नहीं दिखता। प्रशांत किशोर सियासी बिसात बिछाने के समीकरणों को तैयार करने के मास्टर हो सकते हैं लेकिन बिहार में बड़ी उथल-पुथल के लिए उन्हें जनता को झकझोरने के लिए किसी बड़े नारे की जरूरत होगी।बिहार की सियासी पार्टियां और राजनीतिक सूरमा इस बात का आकलन कर रहे हैं कि सुराज उन्हें कहां नुकसान पहुंचा सकती है और कहां सुराज की मौजूदगी उनके हित में हो सकती है। वहीं सुराज की कोशिश यही होगी कि वह बिहार में परिणामों से नई हलचल मचा दे। इसके लिए प्रशांत किशोर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।प्रशांत किशोर की पार्टी निश्चित तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। वह बिहार की सियासत में एक धुरी बनेगी, इसमें संदेह नहीं है। प्रशांत किशोर अपनी पदयात्रा में मिले जनसमर्थन से उत्साह में हैं। बिहार की इस पार्टी को हल्के में लेने की भूल कोई भी दल नहीं कर रहा। खासकर तब जबकि बिहार में महज तीन-चार प्रतिशत वोट इधर-उधर होने से खेल संभव हो जाता है। बिहार के राजनीतिक समर में सुराज के आने से बड़े दलों को अपने समीकरणों को खंगालना होगा। बड़े सियासी दलों को अच्छी तरह मालूम है कि प्रशांत किशोर पेशेवर हुनर से सियासत में उतरे हैं। कहीं न कहीं प्रशांत बिहार के जनमानस को यह संदेश देने की कोशिश करेंगे कि वह राज्य की राजनीति के परंपरागत ढर्रे को बदलने का काम करेंगे। दिल्ली में आप ने यही फार्मूला अपनाया था। प्रशांत किशोर की पूरी कोशिश होगी कि उनकी पार्टी सियासत में एक अभिनव प्रयोग के साथ सामने आयेगी। हालांकि, उन्हें चुनाव से पहले बताना होगा ।कि उनका नया प्रयोग क्या है। उनका फोकस खासकर बिहार की युवा पीढ़ी को अपने प्रभाव में लाने का होगा। इसके लिए उन्हें बताना होगा कि उनकी पार्टी की क्षमता क्या है। बिहार के मतदाता की राजनीतिक सूझबूझ का जवाब नहीं है। इसलिए वह केवल नारे की भावुकता में नहीं आएगा बल्कि सुराज से उनकी नीति-रणनीति जानना चाहेगा। कहीं न कहीं बिहार में सियासी ढर्रे से बदलाव की एक छटपटाहट तो दिखती है।

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - संपादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# मण्डल स्तरीय समिति की बैठक में 7 इकाइयों के प्रस्तावों पर किया गया विचार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मण्डलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में गठित मण्डल स्तरीय समिति की बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुयी, जिसमें प्रदेश को औद्योगिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ किये जाने, पूँजी निवेश को बढ़ावा देने एवं नये उद्योगों की स्थापना को सुगम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति-2017 के अंतर्गत प्रदेश में स्थापित होने वाली नई एम0एस0एम0ई0 इकाईयों तथा पूर्व से स्थापित एम0एस0एम0ई0 इकाईयों को विस्तारीकरण/विविधीकरण करने पर नीति के अंतर्गत प्रदत्त किये जाने वाले वित्तीय लाभों जैसे- नेट स्टेट जी0एस0टी0 प्रतिपूर्ति एवं पूँजीगत ब्याज उपादान के लाभों हेतु जनपद कानपुर नगर की 05 इकाईयों एवं कानपुर देहात की 02 इकाईयों, इस प्रकार कुल 07 इकाईयों के प्रस्तावों पर विचार किया गया।

समिति द्वारा उक्तानुसार 07 इकाईयों मे0 तिरूपति पालीटेक्स एक्जिम प्रा0लि0, कानपुर नगर को रू0 6,05,812.00, मे0 सिंघल ट्यूब्स, कानपुर नगर को रू0 1,69,799.00, मे0 सुमन पालीमर्स प्रा0लि0, कानपुर नगर को रू0 11,31,828.00, मे0 आनंदेश्वर पालीपैक प्रा0लि0, कानपुर नगर को रू0 22,36,393.00, मे0 सुमन प्रिंट एंड लैमिनेट्स, कानपुर नगर को रू0 60,27,789.00, मे0 एन0आई0एफ0 प्रा0लि0, कानपुर देहात को रू0 37,10,177.00 एवं मे0 एक्काको इंडस्ट्रियल प्रा0लि0 को रू0 26,02,965.00, इस प्रकार कुल धनराशि रू0 1,64,84,763.00 (रूपये एक करोड़ चौंसठ लाख चौरासी हजार सात सौ तिरसठ मात्र) के वित्तीय प्रोत्साहनों के वितरण की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में सुनील कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग, कानपुर मंडल, कानपुर, राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), कानपुर नगर, अनंत राम, राजस्व विभाग, अमित कुमार अग्रवाल, राज्य कर विभाग, कानपुर देहात, कविंद्र सिंह यादव,

उपायुक्त राज्य कर, कानपुर नगर, राकेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, कानपुर देहात, आर0पी0 सिंह, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, कानपुर नगर, अशोक कटेरिया, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, कानपुर देहात, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग, कानपुर नगर एवं मो0 सउद, उपायुक्त उद्योग, कानपुर देहात उपस्थित रहे।

## पटाखा दगा कर मनाया चुनावी जीत का जश्न

कानपुर। नगर निगम महापौर प्रमिला पांडे की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं द्वारा हरियाणा चुनाव की जबर्दस्त तीसरी बार भाजपा की विजय सुनिश्चित होने पर जोरदार तरीके से आतिशबाजी कर ढोल ताशा के साथ कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाटी यहां प्रमुख रूप से कानपुर नगर निगम की महापौर प्रमिला पांडे, रवि शंकर हवेलकर पूर्व सदस्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति उत्तर प्रदेश शासन पार्षद नवीन पंडित पार्षद हनुमान शुक्ला राजा वाल्मीकि देव वाल्मीकि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यातायात नियम की अनदेखी पड़ी महंगी, 235 वाहनों का चालान

कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा की गंभीरता को लेकर लगातार अभियान चला रही, जिसका असर देखने को भी मिल रहा है, मगर कुछ वाहन चालक यातायात को मानते ही नहीं ,इसी कड़ी में जीवन रक्षा की प्राथमिकता अभियान को सफल बनाने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की अंतर्गत आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह ने अपनी टीम के साथ मंगलवार बड़े अभियान को सफल बनाया ,235 चालान किए गए , जिसमे बस की ओवरलोडिंग, बस में ज्यादा पैसेंजर को बिठाना, परमिट का खत्म होना, नियमों की अनदेखी करना के साथ साथ टीम ने वाहन चालकों को होने वाली दुर्घटनाएं के बचाव और परिवार में दुर्घटनाओं की परेशानियों को वाहन चालकों को नुकसान से बचाव बताए ,जिसे वाहन चालकों ने अपनी गलती को स्वीकार कर दुबारा गलती ना करने को कहा।

इस अभियान में एआरटीओ कहकशा खातून,अंबुज ,मानवेंद्र प्रताप सिंह,अनिल,दीपक सिंह अधिकारियों ने इस अभियान को सफल बनाया।

### त्यौहारों पर यातायात व्यवस्था से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर चर्चा

कानपुर। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा स्थानीय व्यापारियों बंधुओं से यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में वार्ता की गई और त्योहारों पर यातायात व्यवस्था से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा कर उत्तरोत्तर बेहतर सुधार किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर सेन्ट्रल और पश्चिम जोन के सहायक पुलिस आयुक्त शिखर एवं पूर्वी व दक्षिण जोन के सहायक पुलिस आयुक्त सृष्टि सिंह मौजूद रहीं।

## पत्नी को लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला

कानपुर। पति ने अपनी पत्नी को लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला। मर्डर से पहले पति ने घर में लगे कैमरे बंद कर लोहे की रॉड से पत्नी पुष्पांजलि को पीटा। फिर उसे घायल हालत में छोड़कर चला गया। हैलट में करीब 6 घंटे तक पत्नी का इलाज चला। मंगलवार को पत्नी ने दम तोड़ दिया।परिवार के लोगों के मुताबिक, पति हरिशंकर शराब पीता था। पुष्पांजलि इसका विरोध करती थी। सोमवार को भी शराब पीकर घर आए पति हरिशंकर को पत्नी की बातें अच्छी नहीं लगीं और उसने हत्या कर दी।

आरोपी हरिशंकर के खिलाफ पुष्पांजलि के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस हरिशंकर को तलाश कर रही है। गुजैनी में रहने वाले हरिशंकर अग्निहोत्री की शादी 2011 में पुष्पांजलि उर्फ पूजा से हुई थी।

# सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों मन्दिर, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर महानगर द्वारा महामहिम राज्यपाल को सरकार द्वारा अधिग्रहित मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के संदर्भ में संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा गया।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने कहा कि, तिरुपति बालाजी मंदिर में वितरित होने वाले महाप्रसाद की पवित्रता के संबंध में आस्थावान हिंदुओं की बहुत श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस महाप्रसाद को बनाने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यंत दुखद और हृदय विदारक समाचार आ रहे हैं। पूरे देश का हिंदू समाज आक्रोशित है,और हिंदुओं का क्रोध अलग-अलग रूप में प्रकट हो रहा है। इस पवित्र तीर्थ का संचालन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड के द्वारा होता है।

वहां केवल महाप्रसाद बनाने के मामले में ही हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया अपितु हिंदुओं के द्वारा अत्यंत श्रद्धा भाव से अर्पित की गई देव राशि (चढ़ावा) के सरकारी अधिकारियों व राजनेताओं द्वारा दुरुपयोग के भी कष्टकारी समाचार मिलते रहते हैं। कई बार तो हिंदुओं के धर्म पर आघात कर हिंदुओं का धर्मांतरण करने वाली संस्थाओं को इस पवित्र राशि से अनुदान देने के समाचार भी मिलते रहे हैं। कई अन्य राज्य सरकारें भी मंदिरों की संपत्ति व आय का निरंतर दुरुपयोग करती रहती हैं तथा उनका उपयोग गैर हिंदू और हिंदू विरोधी कार्यो में करती रही है। हमारे देश में संविधान के सर्वोपरि होने की दुहाई बार-बार दी जाती है परंतु दुर्भाग्य से हिंदुओं की आस्थाओं के केंद्र मंदिरों पर विभिन्न सरकारें अपना नियंत्रण स्थापित कर हिंदुओं की भावनाओं के साथ सबसे घृणित धोखाधड़ी संविधान की आड़ में ही कर रही हैं। जो सरकारें संविधान की रक्षा के लिए निर्माण की जाती हैं वे ही संविधान की आत्मा की धज्जियां उड़ा रही है। अपने निहित स्वार्थ के कारण मंदिरों का अधिग्रहण कर वे संविधान की धारा 12, 25 व 26 का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर रही हैं। क्या स्वतंत्रता प्राप्ति के 77 वर्ष बाद भी हिंदुओं को अपने मंदिरों का संचालन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती ? अल्पसंख्यकों को अपने धार्मिक संस्थान चलाने की अनुमति है परंतु हिंदू को यह संविधान सम्मत अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा? यह सर्व विदित है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मंदिरों को लूटा और नष्ट किया था। अंग्रेजों ने चतुराई पूर्वक उन पर नियंत्रण स्थापित करके उन्हें निरंतर लूटने की प्रक्रिया स्थापित कर दी। स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत की सरकारें इस औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त है और हिंदुओं के मंदिरों पर नियंत्रण स्थापित कर लूट रही है। तिरुपति बालाजी व अन्य स्थानों पर की जा रही अनियमितताओं के कारण अब हिंदू समाज का यह विश्वास हो गया है कि अपने मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराए बिना उनकी पवित्रता को पुनर्स्थापित नहीं किया जा सकता। यह स्थापित मान्यता है कि हिंदू मंदिरों की संपत्ति व आय का उपयोग मंदिरों के विकास व हिंदुओं के धार्मिक कार्यों के लिए ही होना चाहिए। वास्तविकता यह है कि मंदिरों की आय व संपत्ति की खुली लूट अधिकारियों व राजनेताओं के द्वारा तो की ही जाती हैं कई बार उनके चहेते हिंदू विरोधियों द्वारा भी की जाती है। महामहिम राज्यपाल से निवेदन किया कि आप अपनी राज्य सरकार को उनके द्वारा नियंत्रित सभी हिंदू मंदिर अविलंब मुक्त करके हिंदू संतो व भक्तों को एक निश्चित व्यवस्था के अन्तर्गत सौंपने के लिए प्रेरित करें। इस व्यवस्था का प्रारूप पूज्य संतों ने कई वर्षों के चिंतन मनन व चर्चा के बाद निर्धारित किया है। इस प्रारूप का सफलतापूर्वक उपयोग कई जगह किया जा रहा है। आशा है आप अपने प्रभाव का उपयोग कर अपनी सरकार को वांछित दिशा में शीघ्र निर्णय लेने के लिए प्रेरित करेंगे। हमें विश्वास है कि परस्पर विमर्श से ही हमारे मंदिर हमको वापस मिल जाएंगे और हमें व्यापक आंदोलन के लिए विवश नहीं होना पड़ेगा। पूज्य राम गोविन्द दास महाराज के आशीर्वाद तथा विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल के नेतृत्व में सरसैया घाट से पैदल मार्च करते हुए हिन्दू धर्मावलंबियों के भारी हुजूम ने मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपर आयुक्त रेणु सिंह को ज्ञापन सौंपा।

# आयकर कार्यालय का शुभारम्भ



कानपुर। फजलगंज स्थित केंद्रीय भवन परिसर में कार्यालय प्रधान आयकर आयुक्त, (निर्धारण एक)-1, कानपुर एवं कार्यालय आयकर निदेशक, आसूचना एवं अपराधिक जांच (आई एंड सी आई) का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि सुनीता बैंसला प्रधान आयकर महानिदेशक, आसूचना एवं अपराधिक जांच (आई एंड सी आई), नई दिल्ली एवं कृष्ण मुरारी, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, उ.प्र. (पश्चिम) एवं उत्तराखंड कानपुर के कर कमलों द्वारा किया गया। उक्त उद्घाटन समारोह मैं मुख्य अतिथि रीमा होता सिंह मुख्य आयकर आयुक्त, देहरादून , सुनीता सिंह, प्रधान आयकर आयुक्त, (निर्धारण एकक)-1, कानपुर एवं शुमाना सेन, आयकर निदेशक (आई एंड सी आई) कानपुर एवं कानपुर के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# जनसुनवाई समाधान मासिक मूल्यांकन में कानपुर अव्वल

### कानपुर जोन के 139 थानों में से 127 थानों ने प्रथम रैंक पाकर अभूतपूर्व किया प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाता रहा है। इस प्राथमिक उद्देश्य के शत् प्रतिशत कियान्वयन पर लगातार प्रभावी नियंत्रण/ पर्यवेक्षण के उद्देश्य से शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) पोर्टल संचालित है। वर्तमान में विभिन्न स्तर पर जनता द्वारा की गई जनशिकायतों का पुलिस विभाग द्वारा समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण/ त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की मासिक समीक्षा प्रत्येक माह शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। आवेदको द्वारा पोर्टल पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्राप्त होने से लेकर जांच के विभिन्न पहलुओं तथा आवेदक के विधिक दृष्टिकोण से संतुष्ट होने तक विभिन्न मानकों/ बिन्दुओं पर शासन द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। उक्त मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अधिकारी की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है। उक्त मूल्यांकन में कानपुर जोन एवं जोन के पर्यवेक्षणाधीन झाँसी परिक्षेत्र तथा समस्त अधीनस्थ जनपद कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फतेहगढ़, झांसी, जालौन व ललितपुर को जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है। इसी प्रकार कानपुर जोन के मूल्यांकन किये जा रहे कुल 139 थानों में से 127 थानों ने प्रथम रैंक प्राप्त कर अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप कानपुर जोन पुलिस के द्वारा बेहतर कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है। जनसुनवाई में शत् प्रतिशत उचित निस्तारण में अपेक्षित स्तर की गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही हेतु अधिकारियों/ थाना प्रभारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल गुणात्मक सुधार लाकर जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) पर प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशानुरूप समयान्तर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराते हुये शत् प्रतिशत मूल्यांकन प्राप्तांक प्राप्त करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

# वेदांता हॉस्पिटल में मौत पर हंगामा, परिजनों का आरोप, स्वीपर से ड्रेसिंग करायी

### आयुष्मान कार्ड से इलाज का झांसा देकर 1.50 लाख वसूलने का आरोप

बीपीएस न्यूज


कानपुर।आर्य नगर स्थित वेदांता हॉस्पिटल में मंगलवार को मरीज की मौत पर परिवार के लोगों ने जमकर हंगामा किया। परिवार के लोगों का कहना था कि इलाज में लापरवाही के चलते मरीज की मौत हुई है। इतना ही नहीं हॉस्पिटल प्रबंधन ने आयुष्मान कार्ड से इलाज का झांसा देकर बुलाया और फिर बाद में 1.50 लाख वसूल लिया। हंगामे की सूचना पर कर्नलगंज थाने की पुलिस और एडीसीपी सेंट्रल मौके पर पहुंचे। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कानपुर देहात गजनेर के भैथाना गांव में रहने वाले मलखान सिंह (45) प्राइवेट नौकरी करते थे। भतीजे धीरेंद्र ने बताया कि 3 अक्तूबर को वह बाइक से घाटमपुर गए थे। वहां से लौटने के दौरान घाटमपुर थाने के सामने ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में उनके पैर पर ट्रक चढ़ने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घाटमपुर पुलिस ने मलखान को हैलट में एडमिट कराया था। हादसे की जानकारी पर अस्पताल पहुंचे परिवारीजनों से डॉक्टर ने बताया कि इनका पैर काटना पड़ेगा। इसके बाद परिवार के लोगों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए आर्य नगर स्थित वेदांता हॉस्पिटल में एडमिट कराया। आरोप है कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने आयुष्मान कार्ड से इलाज का झांसा देकर एडमिट कराया। इसके बाद 1.50 लाख रुपए वसूल लिया। इतना ही नहीं करीब 24 घंटे तक डॉक्टर नहीं पहुंचे। डॉक्टरों ने एडमिट कराने के दौरान दावा किया था कि पैर नहीं काटना पड़ेगा, लेकिन एडमिट कराने के बाद पैर काट दिया। वार्ड ब्वॉय की जगह स्वीपर से ड्रेसिंग कराई जा रही थी। यह आरोप लगाकर परिवार के लोगों ने हॉस्पिटल के बाहर हंगामा काटा। सूचना पर कर्नलगंज थाने की पुलिस, एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिलाकर शांत कराया। इसके बाद हॉस्पिटल प्रबंधन और परिवार के लोगों के बीच बात कराई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल दोनों पक्षों में बात चल रही है। वहीं, दूसरी तरफ अस्पताल प्रबंधन ने मामले को लेकर किसी भी तरह की बात करने से इंकार कर दिया।



## मिशन शक्ति अभियान फेज फाइव जागरुकता पर निकाली स्कूटी रैली

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा महोदया के नेतृत्व में पुलिस लाइन से स्कूटी रैली निकाल कर मिशन शक्ति अभियान फेज फाइव शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह द्वारा हरी झण्डी देकर रैली का आरम्भ किया।



# केडीए द्वारा फ्लैट एलॉट किये जाने की मुहिम शुरू



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण श्री मदन सिंह गर्ब्याल की पहल पर प्राधिकरण द्वारा कानपुर नगर एवं आस पास के जिलों के आम जनमानस को फ्लैट एलॉट किये जाने की मुहिम प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा शताब्दी नगर में निर्मित के0डी0ए0 ड्रीम्स बहुमंजिला अपार्टमेण्ट के मात्र 100 फ्लैटों का पंजीकरण प्रारम्भ करते हुये आज दिनांक 09.10.2024 को के0डी0ए0 ड्रीम्स में ही कैम्प लगाया गया। कैम्प की प्रमुख विशेषताएं निम्नवत् रहीं-

कैम्प में लगभग 200-225 इच्छुक व्यक्तियों द्वारा फ्लैट एवं पूरे कम्पाउण्ड का भ्रमण किया गया। फ्लैटों का निरीक्षण करने के पश्चात् कुल 89 व्यक्तियों द्वारा पंजीकरण कराते हुये फ्लैट का ब्रोशर/पंजीकरण पुस्तिका क्रय की गयी ।उपरोक्त में से 38 व्यक्तियों द्वारा फ्लैट बुक भी करा लिये गये ।विस्तृत विवरण निम्नवत् है-

प्राधिकरण द्वारा शताब्दी नगर में के0डी0ए0 ड्रीम्स नाम से बहुमंजिला अपार्टमेण्ट बनाये गये हैं ।उपरोक्त अपार्टमेण्ट की सबसे बड़ी विशेषता इस अपार्टमेण्ट का लगभग 40 प्रतिशत खुला एवं ग्रीन एरिया तथा सबके लिये पार्किंग स्पेस है ।उपरोक्त अपार्टमेण्ट में लिफ्ट, सी0सी0टी0वी0/सिक्योरिटी, पावर बैकअप आदि समस्त आवश्यक सुविधायें उपलब्ध हैं ।फ्लैट ''तमंकल जव उवअम पद'' है अर्थात् निवास करने के लिये पूरी तरह तैयार है। उपाध्यक्ष श्री मदन सिंह गर्ब्याल द्वारा उपरोक्त अपार्टमेण्ट के मात्र 100 फ्लैटों का पंजीकरण खोला गया है, जिसके लिये के0डी0ए0 ड्रीम्स में दिनांक 09.10.2024 से 11.10.2024 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कैम्प भी लगाया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त 100 फ्लैटों का मूल्य रु0 34.17 लाख निर्धारित किया गया है, इसके पश्चात् नियमानुसार फ्लैटों का मूल्य बढ़ाया जा सकता है।

प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस हेतु फ्लैट चयन करने के तत्काल पश्चात् साइट पर ही पंजीकरण कराये जाने की सुविधा प्रदान की गयी है। इच्छुक आवेदक मात्र 10 प्रतिशत धनराशि जमा कर पंजीकरण करा सकते है तथा मात्र 50 प्रतिशत धनराशि जमा कर अनुबन्ध कराकर फ्लैटों में रहना प्रारम्भ कर सकते है।

उपाध्यक्ष महोदय की पहल पर प्राधिकरण द्वारा काफी वर्षो के पश्चात् कैम्प लगाया गया तथा उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रातः 11:00 बजे रिबन काट कर कैम्प का शुभारम्भ किया गया जो काफी सफल रहा ।आज दिनांक 09.10.2024 के कैम्प में लगभग 200-225 इच्छुक व्यक्तियों द्वारा फ्लैट एवं पूरे कम्पाउण्ड का भ्रमण किया गया। भ्रमण करने के पश्चात् आगन्तुकों द्वारा प्राधिकरण द्वारा निर्मित फ्लैट, पूरे कम्पाउण्ड में विद्यमान ग्रीनरी एवं ओपेन एरिया की खूब सराहना की गयी तथा कुल 89 व्यक्तियों द्वारा पंजीकरण कराते हुये फ्लैट का ब्रोशर/पंजीकरण पुस्तिका क्रय एवं 38 व्यक्तियों द्वारा फ्लैट बुक कराये गये।

# महामंत्री पद प्रत्याशी हेमेन्द्र श्रीवास्तव के नामांकन जुलूस में अधिवक्ताओं ने झोंकी ताकत





बीपीएस न्यूज

कानपुर। एशिया की सबसे बड़ी अधिवक्ता यूनियन की शाखा कानपुर बार एसोसिएशन के चुनाव संग्राम 2024 में कानपुर कचहरी जगत के फायर ब्राण्ड अधिवक्ता हेमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने महामंत्री पद के लिए बुधवार को कानपुर बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी के समक्ष नामांकन कराया गया। नामांकन के उपरान्त एडवोकेट हेमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के समर्थन में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और कंधे में उठाकर खूब जोरशोर से नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। प्रत्याशी महामंत्री एडवोकेट हेमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव का नामाँकन जुलूस कानपुर बार लॉन प्रथम से शुरू होकर अम्बेडकर गेट से होते हुए सोल्जर गेट, लॉयर्स गेट, सीएमएम कोर्ट से होते हुए गेट नम्बर 4 से कानपुर बार लॉन द्वितीय पर समाप्त हुआ। नामाँकन के दौरान अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए महामंत्री पद के प्रत्याशी एडवोकेट हेमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आज मैंने कानपुर बार एसोसिएशन के महामन्त्री पद हेतु नामाँकन कराया है और कानपुर शहर के अधिवक्ता बंधुओं द्वारा जो अपना महत्वपूर्ण सहयोग, प्रेम स्नेह और बल प्रदान किया गया है उसका आजीवन ऋणी रहूँगा। वहीं पूर्व प्रत्याशी कैण्ट विधानसभा एडवोकेट कुलदीप आनन्द बाबा ने समस्त अधिवक्ताओं से 24 अक्टूबर 2024 को मतदान के दिन बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने और हेमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को भारी मतों से विजयी दिलाने की अपील की। नामाँकन में मुख्य रूप से एडवोकेट कुलदीप आनन्द बाबा, एडवोकेट धर्मेन्द्र कश्यप, एडवोकेट रजनीश पाल, एडवोकेट रोहित सिंह, एडवोकेट धीरज अवस्थी, एडवोकेट बृजबिहारी तिवारी, एडवोकेट सुभाष निषाद, एडवोकेट महेश गुप्ता, एडवोकेट अलकेश गुप्ता, एडवोकेट नीलम, एडवोकेट शीला, एडवोकेट अमरावती, एडवोकेट दिनेश समुन्द्रे, एडवोकेट दिनेश आर्या, एडवोकेट आनंद वर्मा, आदि सैकड़ों अधिवक्ता बंधु उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश पर भारी खण्ड शिक्षा अधिकारी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद बेसिक विभाग का देखो यह कमाल कि लगभग 40 दिन बीत जाने के बाद भी बिधनू विकास खण्ड से स्थानांतरित खण्ड शिक्षा अधिकारी भरत कुमार वर्मा खण्ड प्रेम नगर का नहीं ले रहे हैं चार्ज और ऊपर से रोज सुबह बीएसए की नाक के नीचे भारत कुमार वर्मा कार्यालय पर आकर एक घंटे बैठ कर अपने मोबाईल से सेल्फी लेकर चले जाते हैं। वहीं, बीएसए बेबस यह सब देखते रहते हैं। प्रेम नगर के शिक्षक अपने कामों के लिए सीसीएल, आकस्मिक अवकाश, मेडिकल अवकाश आदि के लिए दर दर भटक रहे हैं।

प्रेम नगर खण्ड में श्री वर्मा के चार्ज न लेने से विभागीय कार्य भी लम्बित है। स्थानांतरित खण्ड शिक्षा अधिकारी भरत कुमार वर्मा अपना स्थानांतरण रुकवाने के लिए मात्र नेताओं की परिक्रमा के साथ पेशबंदी में लगे है। बताते दें, बिधनू विकास खण्ड के शिक्षक - शिक्षिकाओं के भारी विरोध व क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा की शिकायत पर 31अगस्त को बिधनू विकास खण्ड से भरत कुमार वर्मा को नगर क्षेत्र के खण्ड प्रेमनगर में और प्रेमनगर से दीपक अवस्थी को बिधनू विकास खण्ड में स्थानांतरण किया गया था, जिसमे दीपक अवस्थी ने तो 13 सितंबर को बिधनू खण्ड का चार्ज ग्रहण कर लिया पर भरत कुमार वर्मा की राह प्रेम नगर अभी भी देख रहा कि वर्मा जी कब आयेंगे। स्थानांतरित खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेम नगर भरत कुमार वर्मा अपना स्थानांतरण बिधनू में रुकवाने के लिए एक कबीना मंत्री जी के घर के चक्कर काट रहे। वहीं महिला शिक्षक संघ की बिधनू ब्लाक की अध्यक्ष कविता अवस्थी का कहना है की श्री वर्मा ने जिस तरह बिधनू खण्ड की महिला शिक्षकों को अपने कार्यव्यवहार व अपशब्दों से अपमानित किया है ।जिसकी शिकायत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से को गई है, यदि पुनः वर्मा बिधनू वापिस किए जाते हैं तो हम सभी लोग भारी विरोध के साथ मुख्य मंत्री को ज्ञापन देने जायेंगे।

# सलाहकार समिति ने गेहूं की चार व मटर की एक प्रजाति को विमोचन हेतु किया संस्तुति



कानपुर। सीएसए के गेहूं/जौ अभिजनक एवं निदेशक बीज तथा प्रक्षेत्र डॉक्टर विजय कुमार यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय शोध सलाहकार समिति जो उत्तर प्रदेश के निदेशक कृषि डॉक्टर जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।उसमें विश्वविद्यालय द्वारा विकसित गेहूं की चार व मटर की एक प्रजाति को विमोचन हेतु संस्तुति कर दिया है। उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा गेहूं की एक साथ चार प्रजातियों को बीज विमोचन हेतु समिति द्वारा अनुमोदित करना एक निश्चित तौर पर विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि गेहूं की प्रजाति के 1905 लवण एवं क्षारीय मृदाओं में औसत उत्पादन 40.55 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।

यह प्रजाति सभी रोगों के प्रति सहिष्णु है तथा यह 120 से 123 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है। जबकि के 1910 इसका लवण एवं क्षारीय भूमियों में औसत उत्पादन 40.06 कुंतल प्रति हेक्टेयर है। यह 125 से 130 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। उन्होंने बताया कि के 2001 लवण एवं क्षारीय भूमियों में औसत उत्पादन 39. 99 कुंतल प्रति हेक्टेयर देती है यह 130 से 135 दिन में पककर तैयार हो जाती है। जबकि के 2010 लवण एवं क्षारीय भूमियों में 39.21 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज देती है यह 130 135 दिन में पककर तैयार हो जाती है ।इन प्रजातियों को विकसित करने वाली टीम डॉक्टर सोमवीर सिंह, डॉक्टर विजय कुमार यादव, डॉक्टर पी के गुप्ता, डॉक्टर पी के सिंह, डॉक्टर जावेद बाहर, डा. चारुल कंचन के साथ तकनीकी सहायक ज्योत्सना, पंकज कुमार एवं दिनेश कुमार आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने प्रदेश स्तर पर गेहूं की चार प्रजातियों की संस्तुति पर हर्ष व्यक्ति करते हुए टीम को उनके उज्जवल भविष्य हेतु बधाइयां दी हैं।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कागजों में सिमटा, नहीं दिखा कोई विशेष असर

- अधिकारी चालान कर थपथपा रहे है अपनी पीठ, जागरूकता का नहीं कोई असर
- ई- रिक्शा कार्यवाही करना मुश्किल- पीटीओ
- एआरटीओ अम्बुज को पखवाड़े से नहीं है कोई सरोकार

कानपुर, । सड़क सुरक्षा पखवाडे को एक सप्ताह होने को आ रहा है और आरटीओ विभाग के प्रवर्तन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है जिसका नतीजा एक सप्ताह बाद भी जस का तस रहा। इस पखवाडे में सड़क सुरक्षा जागरूकता केवल मखौल बन कर रह गया। वही चालानो की संख्या में जरूर बढोत्तरी हो गई। प्रवर्तन विभाग के अधिकारी चालान की कार्यवाही पर अपनी पीठ थपथापाते जरूर दिखाई पडे। उत्तर प्रदेश सरकार सडक दुर्घटनाओ में हो रही मौतो को लेकर बहुत ही संजीदा है और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के सूत्र के प्रतिपालन हेतु सड़क सुरक्षा सप्ताह, पखवाड़ा और माह के तहत वाहन चलाने वालो को जागरूक करने तथा यातायात का पालन करने की सीख देने के साथ ही दुर्घटनाओ में कमी लाने के उद्देश्य से इसका संचालन शुरू करवाया जिसका दायित्व प्रदेश के यातायात विभाग व परिवहन विभाग को दिया गया। परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी इस दिशा निर्देश का पालन कराने में लग गए। दो अक्टूबरसे 16 अक्टूबर 202 तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाडे के एक सप्ताह में प्रवतर्न विभाग द्वारा केवल कागजी कार्यवाही मिली धरातल पर सब नदारत रहा। वहीं पीटीओ मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन द्वारा सदभावनापूर्ण प्रवतर्न कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जाता है जिसके क्रम में हम सभी अधिकारी सड़क पर वाहन चालाको से सौम्यातापूर्ण वार्ता कर उन्हें समझाते है कि वह यातायात नियमो का पालन करे उसके बाद अगर वह नही मानते है तो प्रवर्तन विभाग अपनी दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए बाध्य हो जाता है। जबकि इसके इतर इस अभियान में ऐसा कुछ भी देखने को नही मिला। हां चालानो की संख्या में वृद्धि जरूर देखी गई। अब सवाल उठता है कि अगर सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाडा चलाया जा रहा है तो चालानो की संख्या में कमी आनी चाहिए और वाहन चालाको को जागरूक होकर इसका अक्षरसः पालन करना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत हो रहा है। परिवहन विभाग अपनी कागजी खानापूरी करने में जुटा है तो वाहन चालाक अपनी मनमानी करने में।

**- प्रति सप्ताह होते है हजारो चालान**

एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी कहकशा खातून व पीटीओ मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रति सप्ताह एक हजार चालान एक अधिकारी कर रहा है उसके हिसाब से सभी प्रवर्तन अधिकारी 7 हजार चालान एक सप्ताह कर रहे है। इन सभी चालानो में कार चलाते समय सीट बेल्ट का न लगाना, हेलमेट न पहनना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना, उल्टी दिशा में आना जैसे नियमो के उलंधन है। यहां पर इतनी संख्या में चालान का होना साफ बताता है कि सड़क सुरक्षा पखवाडा पूरी तरह से असफल रहा है।

**- ई-रिक्शा पर कार्यवाही करना मुश्किल**

शहर में दुर्घटनाओ को दावत देते हर गली मोहल्लो में बेधड़ धूम रहे ई-रिक्शा चालको पर कोई भी कार्यवाही नही की जा सकती है ऐसा कहना है पीटीओ मानवेन्द्र प्रताप सिंह का। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शे का न तो कोई रूट निर्धारित है और न ही परमिट जारी होता है। अब वह सवारी ढ़ोए या फिर माल इसमें विभाग कुछ नही कर सकता है। विभाग केवल पंजीकर करने के अलावा इन पर कोई कार्यवाही प्रवर्तन द्वारा नही की जा सकती है।

**- नाबालिग चला रहे है वाहन**

अक्सर नाबालिग बच्चो को आप स्कूटी चलाते आसानी देख सकते है जिन पर कार्यवाही करने के लिए न तो यातायात आगे आता है और न ही परिवहन विभाग। ऐसे नाबालिग बच्चे बिना डाइविंग लाइसेंस के सडको फर्राटा भर रहे है जो कि बडे दुर्घटना के शिकार हो सकते है।

# एआरटीओ प्रवर्तन व आरआई ने संयुक्त रूप से की प्रदूषण केन्द्रों की जांच

**मानक के अनुरूप नहीं मिला प्रदूषण सेंटर**

**आरआई ने मानक के विपरीत चलने वाले वाहनों पर की कार्यवाही**



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा पखवाडे अभियान के तहत आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह के नेतृत्व में एआरटीओ प्रवर्तन आर.के.वर्मा व आरआई प्रथम अजीत सिंह ने कानपुर में संचालित प्रदूषण केन्द्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरआई अजीत सिंह ने प्रदूषण केन्द्र को मानक के अनुरूप संचालित होना नही पाया जिसके तहत उन्होंने मोटरवाहन अधिनियम की धाराओ में कार्यवाही की।

आरआई अजीत सिंह ने बताया कि शहर में चल रहे प्रदूषण केन्द्रो की जांच की जा रही है कि वह वाहन का परीक्षण कर प्रदूषण की गुणवत्ता के अनुसार प्रमाण पत्र जारी कर रहे है या फिर मनमाने तरीके से उसका संचालन कर रहे है। इसी क्रम में उन्होंने जब प्रदूषण केन्द्र की जांच की तो कमी पायी जिसके तहत उन्होंने कार्यवाही की।

इसके साथ ही उन्होंने एआरटीओ प्रवर्तन आर.के.सिंह के साथ मिल कर मॉडिफाइड साइलेंसर, हूटर ,प्रेश हार्न, वाहन के शीशे पर काली फिल्म लगे पाये जाने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की। इस अभियान में 26 वाहनो पर कार्यवाही की गई है।

# सिस्टर इंचार्ज ने पेश की मानवता की मिसाल, 50 बेंच भेंट स्वरूप बाल रोग विभाग को सौंपी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मानवता की मिसाल पेश करते हुए बाल रोग विभाग में कार्यरत सिस्टर इंचार्ज व कार्यवाहक नर्सिंग सहायक अधीक्षिका श्रीमती निर्मला सिंह ने 50 नग बेंचो को चिकित्सालय में आने वाले रोगियों के तीमारदारो के उपयोग के लिए भेंट स्वरूप दिया। उनके इस सराहनीय कार्य की पूरे कालेज प्रशासन ने प्रशंसा की। इसके साथ ही किसी से अपनी सेवाकाल में ऐसा पहला सराहनीय काय किया है जो कि अभी तक किसी भी मेडिकल कालेज में नही हुआ।

बालरोग विभाग में मरीज के साथ आने वाले तीमारदार अक्सर जमीन पर या फिर वार्ड के बाहर सडक पर बैठने को मजबूर रहते थे।

मरीजो के तीमारदारो की इस वेदना को समझते हुए बाल रोग विभाग में कार्यरत सिस्टर इंचार्ज व कार्यवाहक नर्सिंग सहायक अधीक्षिका श्रीमती निर्मला सिंह मरीज के तीमारदारो के बैठने के लिए 50 बेंच जीएसवीएम मेडिकल कालेज प्राचार्य प्रो0 डॉ संजय काला, प्रमख अधीक्षक डॉ आरके सिंह, बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ एके आर्या, सीएमएस डॉ विनय कुमार, कैम्पस प्रभारी डॉ अनुराग रजौरिया की उपस्थिति में भेंट स्वरूप बाल रोग विभाग को सौंपे ।निर्मला सिंह द्वारा भेंट स्वरूप बेंचे दिए जाने पर जीएसवीएम मेडिकल कालेज प्राचार्य प्रो. डॉ संजय काला ने उनकी प्रशंसा की और इस सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा। इस दौरान प्रमुख रूप से लाला लाजपत राय चिकित्सालय बाल रोग विभाग का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# विश्व मानसिक दिवस का हुआ आयोजन, मानसिक रोगों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**- भारत में 13.7 प्रतिशत लोग मानसिक विकारो से पीड़ित : डॉ धनंजय चौधरी**

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मानसिक दिवस का आयोजन किया गया। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ (डब्लू एफ एम एच) द्वारा 1990 के दशक से मानसिक रोगों के प्रति जागरुकता बढ़ाने और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य संसाधनी और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन करता चला आ रहा है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ द्वारा इस वर्ष की थीम कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना रही है ।जी एस वी एम मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग द्वारा मानसिक रोगों के प्रति जागरुकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

जिसमें कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र एवं छात्राओं द्वारा लघु नाट्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल छात्र एवं छात्राओं को मानसिक बीमारियों के लक्षणों और उसके निवारण के बारे में मेडिकल कालेज के लेक्चर हाल में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिखा सिंह द्वारा जानकारी प्रदान दी गई। कार्यक्रम का निर्देशन आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय चौधरी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आयुषी सिंह द्वारा किया गया। मानसिक विकारों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए अस्पताल परिसर में जगह-जगह बैनर्स पोस्टर लगा कर मानसिक रोगो से सम्बंधित जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर बाल रोग विभाग के वरि0 डॉ यशवंत राव, डॉ अमितेश यादव, जूनियर रेजिडेंट डॉ सचेत खिलवानी, डॉ पवन कुमार और डॉ वैष्णवी ?द्विवेदी उपस्थित रहे।

# एडीजी जोन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जोन की वस्तुस्थिति से कराया अवगत



बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन व पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोन की वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया ।

# गंगा टास्क फोर्स ने मनाया प्रादेशिक सेना का 75 वां स्थापना दिवस

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टी ए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने प्रादेशिक सेना के प्लेटिनम जुबली के अवसर पर कानपुर डिफेंस फिजिकल अकादमी नौबस्ता, कानपुर नगर मे वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शिवम मिश्रा उपस्थित रहे। गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह ने अकादमी पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया की 09 अक्टूबर 1949 में आज ही के दिन पहले गवर्नर श्री सी राजगोपालचारी द्वारा प्रादेशिक सेना की स्थापना के उपलक्ष में 09 अक्टूबर 2024 को देशभर में 75 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

देश की सुरक्षा को खतरा हो। प्रादेशिक सेना प्लेटिनम जुबली के अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने कानपुर डिफेंस फिजिकल अकादमी के निदेशक सौरभ शुक्ला और वहां पर उपस्थित 400 छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर अकादमी के मैदान परिसर में 150 पौधारोपण किया।

# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग की लगेगी प्रदर्शनी

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का दो दिवसीय (24 से 25 अक्टूबर 2024) भव्य आयोजन किया जाएगा। कुलपति डॉक्टर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने 15 कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं एटिक के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी पहुंचा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहभागिता स्थापित कर कृषकों को नवीनतम तकनीकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय किसान मेले के माध्यम से कृषको एवं प्रसार कार्यकर्ताओं को कृषि शोध की नवीनतम तकनीकी, कृषि यंत्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले में उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 120 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। स्टालों पर कृषि विविधीकरण, कृषि निवेश, बीज उत्पादन, जैविक नियंत्रण, सागभाजी उत्पादन और कृषि अभियंत्रण, डेयरी प्रसंस्करण, बायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान, उर्वरक आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी ।

# देवी-देवताओं, महापुरुषों का अपमान अस्वीकार्य, दोषियों को मिलेगी सजाः योगी आदित्यनाथ



लखनऊ। अक्टूबर और नवंबर का महीना तीज-त्योहारों से भरा रहेगा। इसको लेकर आमजन में उत्साह का माहौल है तो पुलिस के आलाधिकारी शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चिंतित हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लॉ एंड आर्डर को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जु? हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवा ?करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें।

योगी ने कहा कानून के खिलाफ काम करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग तेज की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए,

इसकेलिए सभी विभाग मिलकर काम करें।

वहीं सीएम ने त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए।

# पति यौन इच्छा अपनी पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति के खिलाफ दहेज के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि ये आरोप निराधार हैं और व्यक्तिगत विवादों से प्रेरित हैं। अदालत ने इस मामले में कहा कि नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा। न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने प्रांजल शर्मा और दो अन्य के खिलाफ इस मामले को खारिज करते हुए कहा कि प्राथमिकी में प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बयान, दहेज के लिए उत्पीड़न के दावों का समर्थन नहीं करते। अदालत ने पाया कि प्राथमिक आरोप, दंपति के यौन संबंध से जुड़ी असहमतियों के आसपास केंद्रित हैं और ये विवाद दहेज की मांग से जुड़े नहीं हैं।

अदालत ने कहा, यह स्पष्ट है कि पक्षों के बीच यह विवाद यौन संबंध स्थापित नहीं होने को लेकर है जिसकी वजह से विपक्षी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई और दहेज की मांग को लेकर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाए गए। अदालत ने प्रश्न किया, नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से या पत्नी अपनी यौन इच्छा पति से व्यक्त नहीं करेगी तो वे कहां जाएंगे।卐 प्राथमिकी में प्रांजल शुक्ला पर दहेज की मांग करने और पत्नी से गाली गलौज करने के साथ ही उसे अश्लील फिल्में देखने और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया गया हैं। अदालत ने कहा कि विश्वसनीय साक्ष्य से ये आरोप साबित नहीं हुए।

इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, मीशा शुक्ला का विवाह आवेदक प्रांजल शुक्ला के साथ हिंदू रीति रिवाज से सात दिसंबर, 2015 को हुआ था। मीशा ने अपने सास-ससुर मधु शर्मा और पुण्य शील शर्मा पर दहेज मांगने का आरोप लगाया। हालांकि, प्राथमिकी में यह भी स्पष्ट किया गया कि शादी से पहले दहेज की कोई मांग नहीं थी। प्राथमिकी में यह भी बताया गया कि प्रांजल शराब पीता और अश्लील फिल्में देखता। साथ ही वह अपनी पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने पर जोर देता और मना करने पर वह उस पर ध्यान नहीं देता। बाद में वह अपनी पत्नी को छोड़कर सिंगापुर चला गया।

आरोप और विपक्षी के बयान शारीरिक संबंध को लेकर हैं और विपक्षी (पत्नी) द्वारा बयान में मारपीट को लेकर जो आरोप लगाए गए हैं वे याचिकाकर्ता की यौन इच्छा पूरी नहीं करने के संबंध में हैं ना कि दहेज की मांग के लिए। अदालत ने कहा, प्राथमिकी और पीड़िता के बयान पर गौर करने से साफ है कि यदि कोई मारपीट की गई तो वह दहेज की मांग के लिए नहीं, बल्कि यौन इच्छा पूरी करने से मना करने के लिए की गई। अदालत ने तीन अक्टूबर को दिए अपने आदेश में शुक्ला के खिलाफ मामले को रद्द कर दिया।

# दशहरा मेले के बाद पूरे देश के मुसलमान दिल्ली की सड़कों को करेंगे जाम

पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ स्वामी यति नरसिंहानंद की टिप्पणी को लेकर चल रहे विवाद के बीच इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। खान ने कहा कि नरसिंघानंद जैसे लोग पैगंबर का अपमान कर रहे हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दशहरा मेले के बाद पूरा देश दिल्ली की सड़कों पर उतरेगा और रामलीला मैदान में विशाल प्रदर्शन होगा। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के 24वें स्थापना दिवस के बाद खान ने संवाददाताओं से कहा कि न केवल बरेली से बल्कि पूरे देश से लोग इसमें भाग लेंगे।उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति के खिलाफ अब धरना या ज्ञापन नहीं बल्कि बड़ा आंदोलन होगा। खान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह केवल सनातन धर्म के लिए काम कर रहे हैं, जबकि अन्य धर्मों के लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों की आस्था और उनके पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में दो तरह के कानून चल रहे हैं- एक आम नागरिकों के लिए और दूसरा मुसलमानों के लिए।इस्लाम छोड़कर दूसरे धर्म अपनाने वाली लड़कियों के बारे में उन्होंने कहा कि इस्लाम को ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है। खान ने कहा कि कुछ संगठन और व्यक्ति महापुरुषों के खिलाफ अपमानजनक बयान देते हैं, जिससे देश में अशांति फैलती है। उन्होंने सरकार से ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की ताकि देश में शांति और सद्भाव कायम रहे।

# मायावती का ऐलानः अब कभी किसी भी पार्टी से नहीं होगा गठबंधन

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी भी क्षेत्रीय दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उनकी घोषणा हाल ही में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनावों में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हुई, जिसमें उन्होंने एक क्षेत्रीय पार्टी के साथ लड़ाई लड़ी और एक भी सीट नहीं जीत सकी।इसके साथ ही उन्होंने यह भी दादा किया कि भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधनों से भी उनकी दूरी बरकरार रखेगी।उत्तर प्रदेश के चार बार के पूर्व मुख्यमंत्री ने हिंदी में पोस्ट की एक श्रृंखला में कहा कि यूपी सहित दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बीएसपी का वोट गठबंधन की पार्टी को ट्रांसफर हो जाने किन्तु उनका वोट बीएसपी को ट्रांसफर कराने की क्षमता उनमें नहीं होने के कारण अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कैडर को निराशा व उससे होने वाले मूवमेन्ट की हानि को बचाना जरूरी।उन्होंने आगे कहा कि इसी संदर्भ में हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम व इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर आज हरियाणा व पंजाब की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से भी अब आगे गठबंधन नहीं करने का निर्णय, जबकि भाजपा/एनडीए व कांग्रेस/इण्डिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी।बसपा प्रमुख ने कहा कि देश की एकमात्र प्रतिष्ठित अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी व उसके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के कारवाँ को हर प्रकार से कमजोर करने की चौतरफा जातिवादी कोशिशें लगातार जारी हैं, जिस क्रम में अपना उद्धार स्वंय करने योग्य व शासक वर्ग बनने की प्रक्रिया पहले की तरह ही जारी रखनी जरूरी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीएसपी विभिन्न पार्टियों/संगठनों व उनके स्वार्थी नेताओं को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि 'बहुजन समाज' के विभिन्न अंगों को आपसी भाईचारा व सहयोग के बल पर संगठित होकर राजनीतिक शक्ति बनाने व उनको शासक वर्ग बनाने का आन्दोलन है, जिसे अब इधर-उधर में ध्यान भटकाना अति-हानिकारक है।

बसपा ने हरियाणा चुनाव इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के साथ गठबंधन में लड़ा था। चुनाव आयोग के अनुसार, 90 सदस्यीय विधानसभा सदन में, भाजपा ने 48 सीटें जीतकर ऐतिहासिक तीसरी बार कार्यकाल प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 37 और इनेलो केवल दो सीटों पर जीत हासिल कर पाई, जबकि तीन सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों को मिलीं।

# बिजली का बिल ही तो था युवक ने क्यों कर ली आत्महत्या

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 25 वर्षीय एक युवक ने बिजली का बिल कथित तौर पर बढ़ा हुआ आने के कारण तनाव में आकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि शुभम (25) नाम के युवक ने बुधवार तड़के कुशालपुर गांव में अपने घर के एक कमरे में लगे हुक में फंदे से लटक कर आत्महत्या की. परिवार के सदस्यों ने सुबह उसका शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी.मृतक के पिता महादेव ने आरोप लगाया, 'हमें 1,09,021 रुपये का बिजली बिल मिला था, जिसमें से शुभम ने विभिन्न कार्यालयों में जाकर 16,377 रुपये का भुगतान कर दिया. 15 दिन भी नहीं बीते थे कि फिर से 8000 रुपये का बिल आ गया, जिसके बाद तनाव में आकर उसने फांसी लगा ली.' उन्होंने बताया कि शुभम दिहाड़ी मजदूर था. पिता ने कहा, 'आत्महत्या का कोई और कारण नहीं है. वह (शुभम) बहुत परेशान था तो यह बिल कैसे भरता ?. वह बिजली बिल की बकाया रकम से बहुत तनाव में था.' मुख्य अभियंता विद्युत (रायबरेली जोन) आरपी प्रसाद ने घटना के बारे में पूछे जाने पर बताया कि शुभम ने 10 मार्च 2022 को नया बिजली कनेक्शन लिया था और उसके बाद उसने सिर्फ दो बार बिजली बिल भरा था।

# दुर्गा पंडाल में तोड़फोड़, अज्ञात लोगों ने तोड़ा देवी की मूर्ति का हाथ, पुलिस ने शुरू की जांच

अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार तड़के नामपल्ली में एक दुर्गा पंडाल में देवी की मूर्ति को आंशिक रूप से खंडित कर दिया। स्थानीय बेगम बाजार पुलिस ने कहा कि मूर्ति के पास रखी पूजा सामग्री को अज्ञात आरोपियों ने तोड़ दिया। इसके अलावा मूर्ति का एक हिस्सा भी टूटा हुआ मिला। मूर्ति नामपल्ली के प्रदर्शनी मैदान के अंदर एक पंडाल में स्थापित की गई थी। पंडाल के आयोजकों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पाया कि यह अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर किया गया कृत्य था।हैदराबाद के बेगम बाजार पुलिस स्टेशन की सीमा में नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में एक दुर्गा पूजा पंडाल में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हुंडी (दान पेटी) को एक तरफ ले जाने के कारण देवी दुर्गा की मूर्ति को हुए नुकसान को लेकर लोगों ने नामपल्ली की मुख्य सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, बीजेपी नेता माधवी लता ने कहा कि पूरी घटना असभ्य है, असंस्कृत है। उन्होंने जिस तरह का व्यवहार किया है, वह स्वभाव से ही बहुत सांप्रदायिक है। उन्होंने का कि यह प्रदर्शनी मैदान में हुआ जहां कोई भी आम आदमी बिना कुछ सोचे-समझे तोड़फोड़ के प्रवेश नहीं कर सकता। हमने पुलिस से अनुरोध किया, उन्होंने 24 घंटे का समय देने की बात कही है।

भाजपा नेत्री ने आगे कहा कि पुलिस ने हमसे वादा किया है कि जिसने भी ऐसा किया है उसे बाहर निकाला जाएगा ।

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति पर पेट्रोल बम फेंका गया, पंडाल में इस्लामी गीत गाए गए, 35 से ज्यादा अप्रिय घटना दर्ज

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं का उत्पीड़न मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और सेना अधिकारियों की कई चेतावनियों के बाद भी जारी है। पुलिस ने बताया कि इस महीने देश भर में चल रहे दुर्गा पूजा समारोहों से जुड़ी करीब 35 अप्रिय घटनाओं के बाद करीब एक दर्जन मामले दर्ज किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे वीडियो के अनुसार, शुक्रवार को ढाका में दुर्गा पूजा पंडाल पर अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंका। यह घटना कथित तौर पर बांग्लादेश की राजधानी के टाटी बाजार इलाके में हुई। अल्पसंख्यक अधिकार समूह द्वारा एक्स पर साझा किए गए वीडियो में एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाते हुए दिखाया गया है। यह घटना तब हुई जब पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव की शुरुआत बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ हुई, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है।

**दुर्गा पूजा समारोह**

बांग्लादेश में इस महीने पूरे देश में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से जुड़ी करीब 35 अप्रिय घटनाएं सामने आने के बाद सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और करीब एक दर्जन मामले दर्ज किए गए हैं। अखबार ढाका ट्रिब्यून ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से कहा, 1 अक्टूबर से अब तक पूरे देश में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से जुड़ी 35 घटनाएं हुई हैं, जिनमें 11 मामले दर्ज किए गए हैं, 24 सामान्य डायरी (जीडी) दर्ज की गई हैं और 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि देश भर में 32,000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई जा रही है।

**बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव से संबधित करीब 35 अप्रिय घटना**

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव से संबधित करीब 35 अप्रिय घटनाओं के बाद 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 12 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने यहां यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब एक दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक हस्तनिर्मित स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिला स्थित एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था। चोरी की इस घटना पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच-दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महाषष्ठी के नाम से जाना जाता है। यह उत्सव रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ समाप्त होगा।

**अल्पसंख्यक हिंदुओं को भड़की हिंसा के दौरान उत्पीड़न का सामना करना पड़ा**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को पांच अगस्त को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद भड़की हिंसा के दौरान उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा संपत्तियों में तोड़फोड़ की गयी और मंदिरों को क्षतिग्रस्त किया गया। बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में महज आठ फीसदी हिंदू हैं। 'द ढाका ट्रिब्यून' ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से कहा, ''एक अक्टूबर से लेकर अब तक देशभर में जारी दुर्गा पूजा उत्सव से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं, जिनमें 11 मामले दर्ज किए जा रहे हैं, 24 जनरल डायरी (जीडी) दर्ज की गयी और 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।''

**देशभर में 32,000 से अधिक मंडप में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है**

उन्होंने शुक्रवार को ढाका में बताया कि देशभर में 32,000 से अधिक मंडप में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। आईजीपी इस्लाम ने सोने का मुकुट चोरी होने की घटना पर आश्वस्त किया कि पुलिस के पास घटना के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा, ''ऐसे व्यवधानों में शामिल लोगों को सजा दिलाई जाएगी। अगर कोई दुर्गा पूजा के दौरान अराजकता पैदा करने या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का प्रयास करेगा तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे।''

**इस्लामी क्रांति का आह्वान, भड़की हिंसा**

चटगांव में हमले के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को एक छापे के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और इसके पीछे के उद्देश्य का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इससे पहले 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' ने बताया कि बृहस्पतिवार को करीब छह लोगों ने ढाका से लगभग 250 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में चटगांव के जात्रा मोहन सेन हॉल में एक दुर्गा पूजा मंडप के मंच पर इस्लामी क्रांति का आह्वान करते हुए एक गीत गाया, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया। इस घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे लोगों के बीच और आक्रोश उत्पन्न हो गया। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस के रविवार को सदियों पुराने ढाकेश्वरी मंदिर में जाने की संभावना है जो ढाका में स्थित है और प्रमुख शक्ति पीठों में से एक है।

# डांडिया नाइट में दिव्या खोसला, सिमरन आहूजा और हिंदुस्तानी भाऊ ने मचाया धमाल..!

स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता फैलाने की दिशा में क्रियाशील प्रतिष्ठान 'नाइट्रो फिटनेस' के संचालक/अध्यक्ष प्रबोध दावखरे द्वारा कन्हैया नगर, कोपरी (ठाणे पूर्व) स्थित 'नाइट्रो फिटनेस' परिसर में नवरात्रि के अवसर पर 6 अक्टूबर आयोजित 'डांडिया नाइट' में बॉलीवुड की चर्चित अदाकारा दिव्या खोसला, डांडिया क्वीन सिमरन आहूजा और सोशल मीडिया के चर्चित शख्सियत हिंदुस्तानी भाऊ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए धमाल मचाया।

सभी ने अपने व्यक्तव्य के दौरान लोगों को अपनी सेहत के प्रति सजग रहने और फिटनेस के प्रति एक्टिव रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित ठाणे पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे ने स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर 'नाइट्रो फिटनेस' के संचालक/अध्यक्ष प्रबोध दावखरे द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश के सभी वर्ग के लोगों को अपनी सेहत और फिटनेस के प्रति जागरूक होना चाहिए तभी स्वस्थ भारत का निर्माण हो सकेगा।

'डांडिया नाइट' कार्यक्रम के दौरान ही चैरिटेबल संस्था वसंत दावखरे फाउंडेशन के माध्यम से जिन अनाथ, वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अन्य सुविधाएं दी जा रही है उन्हें पुरुस्कार दे कर सम्मानित भी किया गया। 'नाइट्रो फिटनेस' के अध्यक्ष प्रबोध दावखरे ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि जाति धर्म और दलगत नीतियों से ऊपर उठ कर हर नागरिक को देश की एकता, समरसता व अखंडता के ऊपर ध्यान रखना चाहिए। इन बिंदुओं पर एक स्वस्थ और फिट नागरिक ही एकाग्र हो कर चिंतन कर सकता है। ग्लोबल वार्मिग के खतरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने आगे कहा कि भविष्य की आशंकाओं को देखते हुए फिलवक्त 'नाइट्रो फिटनेस' नए प्रशिक्षुओं के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करते हुए युवा प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में अग्रसर है। 'नाइट्रो फिटनेस' की शाखाएं दक्षिण मुंबई

(ब्रीच कैंडी ङ्क जहां लक्जरी फिटनेस से मिलती है), पवई, बांद्रा, ठाणे, न्यू बॉम्बे, पुणे और मुंबई के निकटवर्ती सभी इलाकों में है। इसके अलावा 'नाइट्रो फिटनेस' की भविष्य की योजनाओं में भारत की राजनीतिक राजधानी ङ्क दिल्ली में नाइट्रो फिटनेस श्रृंखला स्थापित करना भी शामिल है और फ्रेंचाइजी प्रारूप के माध्यम से फिटनेस यूनिट विस्तार करने की है और साथ ही साथ विदेश के लिए फ्रेंचाइजी के अवसर उपलब्ध हैं।

'डांडिया नाइट' की चर्चा करते हुए प्रबोध दावखरे कहते हैं卐यह डांडिया कार्यक्रम विशेष रूप से चैरिटेबल संस्था वसंत दावखरे फाउंडेशन के संरक्षण में चल रहे अनाथालय के बच्चों और जरूरतमंद लोगों को समर्पित है। मनोरंजन के साथ हम सामाजिक विकास की दिशा में भी अनवरत काम कर रहे हैं।

'नाइट्रो फिटनेस' के अध्यक्ष प्रबोध दावखरे हमेशा स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति भावुक रहे हैं। उनको बॉलीवुड हस्तियों से बहुत समर्थन और सराहना मिली है और उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। देश की सर्वश्रेष्ठ जिम श्रृंखला 'नाइट्रो फिटनेस' के द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिए प्रबोध दावखरे को महाराष्ट्र के भूतपूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी भी सम्मानित कर चुके हैं। फिटनेस के अलावा श्री प्रबोध दावखरे राजनीति और निर्माण व्यवसाय में भी सक्रिय हैं, साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी काफी एक्टिव रहते हैं। विदित हो कि फिटनेस फ्रीक के रूप में मशहूर बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने ठाणे (महाराष्ट्र) में 'नाइट्रो फिटनेस' का उद्घाटन किया था जो लगभग 1 लाख वर्ग फुट का है। हालाँकि, इसकी शुरुआत के दौरान इस जगह का दौरा करने वाले पहले बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी थे। अभिनेता सोहेल खान और रणदीप हुडा जैसे कई अन्य बॉलीवुड सितारे भी 'नाइट्रो फिटनेस' का दौरा कर चुके हैं।

प्रस्तुति = काली दास पाण्डेय

# हे राम.. हनुमान को बता दिया मुसलमान

कुंभ में नियम बनाकर फर्जी बाबाओं को रोका जा सकता है. लेकिन उस नफरती सोच को कैसे रोका जाए. जिसके निशाने पर देश की आने वाली पीढ़ी यानी आज के बच्चे हैं. इस सोच के एजेंडा को गौर से देखें तो इसका मकसद नजर आता है. धर्म के प्रति बच्चों के अंदर गलत जानकारी का प्रचार प्रसार.

बिहार के बेगूसराय में एक स्कूल के शिक्षक पर ऐसे ही आरोप लग रहे हैं. बच्चों के माता पिता का कहना है कि जियाउद्दीन नाम के शिक्षक ने हिंदुओं के परम पूजनीय बजरंग बली को लेकर गलत जानकारी बच्चों को दी. आरोपों के मुताबिक जियाउद्दीन ने क्लास में पढ़ रहे बच्चों से कहा कि बजरंग बली मुसलमान थे. चूंकि मामला बेगूसराय का था तो बेगूसराय से सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह ने भी इस मामले में कार्रवाई की अपील की.

हो सकता है कुछ लोग ये भी कहें कि गिरिराज सिंह तो नेता हैं. वो अपना एजेंडा जोड़कर ही बातें कहेंगे. इसी वजह से मीडिया पहुंचा उस स्कूल तक जहां से ये विवाद शुरु हुआ और समझा किस तरह वीर बजरंगी को बता दिया गया मुसलमान.

शौर्य और शक्ति के प्रतीक वीर बजरंगी.. सेवा के प्रतीक हनुमान.. ज्ञान के भंडार अंजनिपुत्र.. बचपन से हर हिंदू बजरंग बली के बारे में यही सब सुनता आया है. उनकी स्वामिभक्ति और समर्पण को प्रेरणा मानता आया है. लेकिन बेगूसराय के बछवाड़ा में बच्चे जब क्लासरूम पहुंचे तो टीचर मोहम्मद गयासुद्दीन ने बजरंग बली को ही मुसलमान बता दिया. प्रभु श्रीराम का नाम नमाज से जोड़ दिया. अगर ये बच्चे घर पर जाकर माता पिता को ना बताते तो शायद मोहम्मद जियाउद्दीन की इस हरकत का पता भी नहीं चलता.

ऐसी बातों पर विवाद तो होना ही था. स्कूल में माता पिता आने लगे. खबर मीडिया में आ गई. तो मोहम्मद जियाउद्दीन ने माफी मांग ली. लेकिन एक ऐसी दलील के साथ, जो समझ से परे है. बात समझ में आती अगर मोहम्मद जियाउद्दीन ने ये कहा होता कि वो बजरंग बली में आस्था रखता है. लेकिन उसने बजरंग बली को मुसलमान बता दिया. बात तब भी स्वीकार की जाती.. अगर मोहम्मद जियाउद्दीन कहता कि प्रभु राम में हनुमान जी की असीम भक्ति थी. लेकिन जियाउद्दीन ने उल्टा प्रभु राम को ही नमाज कराने वाले बता दिया.

अगर बच्चों की बातों को सुनेंगे तो आपको भी लगेगा मोहम्मद जियाउद्दीन ने किसी एजेंडा के साथ ही बच्चों के अंदर हिंदू धर्म के प्रति बच्चों को गलत जानकारी देने की कोशिश की थी. हनुमान जी के लिए ऐसे शब्द, इशारा है कि मोहम्मद जियाउद्दीन के अंदर नफरती सोच भरी हुई थी. और इसी सोच को उसने भ्रामक जानकारी और गाली देने जैसी बातों के जरिए जाहिर किया. और जब बात का खुलासा हो गया तो जियाउद्दीन ने मुसल्लम ईमान की दुहाई देकर हाथ जोड़ लिए.

# जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैयाघाट नवीन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई, बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग में चल रही योजनाएं ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत अभियान मिशन, मिशन शक्ति, आत्मरक्षा प्रशिक्षण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए। समस्त खण्ड विकास अधिकारी समस्त विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित कराए।

समस्त खंड विकास अधिकारी एवंसमस्त खंड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित कराए कि जो भी अवशेष कार्य विद्यालय में बचें हैं उनको एक माह के अंदर पूर्ण कराया जाए । सभी खंड शिक्षा अधिकारी दोपहर का भोजन विद्यालयों में बच्चो के साथ करें जिसकी फोटोग्राप्स बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शेष रह गए विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा विकास खंडवार करना सुनिश्चित करें उस बैठक में ग्राम प्रधानो को भी बुलाया जाए। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिए कि खेल अनुदेशक एवं पीटीआई जहां भी प्रशिक्षण दे रहे हैं वहां के शिक्षकों को ट्रेंड करें जिससे कि यह प्रशिक्षण कार्य अनवरत चलता रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन ,जिला परियोजना एवं शिक्षा समिति के समस्त सदस्य सहित टास्क फोर्स के सदस्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा समस्त खंड शिक्षा अधिकारी समस्त जिला समन्वयक एवं एसआरजी उपस्थित रहे।

# एक प्रतिशत नामांतरण शुल्क एवं बेहताशा बढ़ाये गये गृह कर के विरोध में ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पूर्व पार्षद फोरम का एक प्रतिनिधि मंडल कानपुर के विभिन्न बाजारों में जाकर व्यापार मंडलों से मिला और उन्हें नगर निगम कानपुर द्वारा नामांकन शुल्क एवं गृह कर की बढ़ोतरी के संबंध में पत्र देकर समर्थन की मांग की। दिये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कानपुर नगर निगम द्वारा विगत वर्षों से अनियमित रूप से तथा असंवैधानिक तरीके से भवनों का नामांतरण शुल्क एक प्रतिशत कर दिया है ,जो कि नियम विरूध है ।संपूर्ण उत्तर प्रदेश में किसी भी शहर एवं नगर निगम में इस तरह का शुल्क लिए जाने की व्यवस्था एवं नियम नहीं है ।हम सभी पूर्व पार्षद इस जन् विरोधी कानून एवं जबरन वसूली के खिलाफ हैं। भवन के नामांतरण के समय इस अवैधानिक शुल्क का भुगतान न करें। इसी प्रकार कानपुर नगर निगम द्वारा भवनो के गृह कर निर्धारण हेतु किसी प्राइवेट कंपनी को ठेका देकर , जीआईएस सर्वे कराया जा रहा है ,जिसके कर्मचारी मनमाने तरीके से कर निर्धारण हेतु अपनी त्रुटि पूर्ण राय देकर शहर वासियों पर अनावश्यक टैक्स ठोकने का अनु चित प्रयास कर रहे हैं ।इन लोगों ने कहां कि हम यह स्पष्ट कर दें कि हम टैक्स वृद्धि एवं सर्वे के विरोधी नहीं है लेकिन जिन भवनों में कोई परिवर्तन एवं परिवर्धन नहीं हुआ है उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान ना किया जाए ।जो भवन टैक्स के दायरे से छूटे हैं उन्हें शामिल किया जाए ।जो गृह कर की छूट 10 प्रतिशत दी जा रही थी उसकी समय सीमा बढ़ाई जाए। जो भी गृह कर बढ़ाया जा रहा है उसकी वसूली अप्रैल 2025 से की जाए। बाजारों में जाकर पत्र देने वालों में संयोजक मदन लाल भाटिया, ललित मोहन श्रीवास्तव ,अशोक केसरवानी, मोहम्मद इशहाक, योगेश वर्मा ,अंजिला वर्मा ,सुमन तिवारी ,अमीन बाबा ,मनीष शर्मा फूलमती यादव ,अफजाल अहमद, शमी इकबाल, अंबर त्रिवेदी, मोहम्मद हसीन ,अबरार अहमद ,तहव्वर खान शमीम आजाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त द्वारा परेड रामलीला ग्राउंड का पैदल गश्त कर दिए निर्देश

बीपीएस न्यूज



कानपुर,। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत परेड़ स्थित रामलीला ग्राउंड में आगामी त्यौहार दशहरा के अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं पैदल गस्त की गई। इस दौरान उनके साथ मंडलायुक्त अमित गुप्ता, पुलिस उपायुक्त पूर्वी एस. के. सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली एवं सम्बन्धित थाना प्रभारी मय फोर्स के मौजूद रहे। इस दौरान आयोजक रामलीला सोसाइटी के सदस्यों के साथ उन्होंने इस साल के त्यौहार दशहरा आयोजन के लिए आवश्यक सुरक्षा और व्यवस्था पर चर्चा की। सुरक्षा व्यवस्था कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती के सम्बन्धित दिशा-निर्देश।ट्रैफिक प्रबंधन-भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात की सुगमता के लिए विशेष व्यवस्था।जन जागरूकता-दर्शकों को आपातकालीन स्थितियों में सही जानकारी देने के लिए सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# पब्लिसिटी वैन के माध्यम से लोगो को किया गया जागरूक

कानपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी द्वारा पब्लिसिटी वैन के माध्यम से सड़कों पर हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार किया गया ।आपको बता दे कि 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 9वें दिन प्रवर्तन विभाग के अधिकारी के द्वारा प्रचार वैन के माध्मय से लोगो को यातायात नियमो की जानकारी दी गई। लोगो को जागरूक करते हुए उन्होंने आम जनमनास से अपील की, कि वह यातायात नियमो का पालन करे और सडक दुर्घटना से अपना बचाव करे। एआरटीओ प्रवर्तन कहकशां खातून ने बताया कि सड़क सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाना है जिसके क्रम में पीटीओ अनिल कुमार द्वारा प्रचार वैन के माध्यम से लोगो का जागरूक करने का कार्य किया गया।

# एंटीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 1098, 112, 181 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा PCOP ऐप से प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं महिला सशक्तिकरण अभियान तथा साइबर क्राइम से होने बाली घटनाओं के प्रति जागरूक किया गया व राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना , प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई ।

### पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर की पैदल गश्त

कानपुर। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी व अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल महेश कुमार द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने व क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य सीसामऊ सर्किल क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त की गयी। गश्त के दौरान सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन पार्क करने वालों एवं सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते।

# प्राइमरी स्कूल के छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री की गई वितरित



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सेन पश्चिम पारा शिवदीन पुरवा स्थित प्राइमरी स्कूल में आई वाई डीएफ एवं मेगा ग्लोबल मार्ट के द्वारा छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री तथा खाद्य पदार्थ वितरित किए गए।

मेगा ग्लोबल मार्ट के डायरेक्टर मनोज सचान ने बताया कि संस्था के द्वारा विगत वर्षो से निरंतर नन्हे निर्धन नौनिहालों को बेहतर शिक्षा तथा उचित चिकित्सा का कार्य किया जा रहा है। आज इसी श्रंखला में तकरीबन 50 छात्र छात्राओं को साबुन मंजन ब्रश कापिया सहित अन्य वस्तुएं भेट की गई।

बच्चो को संबोधित करते हुए मनोज सचान ने कहा कि बिना गुरु के जीवन पशुओं के सामान हो जाता है। आप मनुष्य तभी है जब आपको किसी दुख में दुख तथा सुख में सुख का अहसास हो। नन्ही छात्रा से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण में सबसे जरूरी वस्तु की आवश्यकता की बात पूछने पर छात्रा ने पाठ्य सामग्री तथा अच्छे शिक्षक उपलब्ध होने की बात कही। नन्हे बच्चों को जैसे ही कोल्डड्रिंक और समोसा भेंट किया गया नन्हे बच्चे खुशी से झूम उठे। बच्चो ने सामूहिक रूप से खूब पढ़ेंगे खूब बढ़ेंगे के जोरदार नारे लगाकर आम जनमानस को संदेश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से दिनेश प्रजापति अशोक मौर्या अनूप सिंह रविंद कुमार कुलदीप सचान जय किशन चौबे सौरभ सचान सीमा कटियार आशीष पाल प्रधानाध्यापक रजनी सचान फरुख उस्मानी प्रीति शुक्ला अंजू तिवारी शैलजा सिंह शिखा श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संचारी रोगों का अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक

बीपीएस न्यूज

कानपुर, ।जिले में एक से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में समुदाय के लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरुक किया जा रहा है। अभियान के दौरान 11 अक्टूबर से दस्तक अभियान शुरू हो जाएगा। इसके अंतर्गत 31 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर आपके स्वास्थ्य का हाल पूछेगी और संचारी रोगों से बचाव के लिए जानकारी भी देगी। बुखार और खांसी के रोगियों, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस( आईएलआई), टीबी, फ़ाइलेरिया, कालाजार और कुष्ठ के रोगियों और कुपोषित बच्चों को भी खोजा जाएगा। अभियान के दौरान इस बार हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज के मरीजों की भी लिस्ट बनाई जानी है ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान 11 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक देंगी। वह घर-घर जाकर पूछेंगी आपको बुखार, दिमागी बुखार, खांसी, किसी प्रकार की एलर्जी, कुष्ठ रोग, फाईलेरिया, टीबी इत्यादि तो नहीं है। इसके साथ ही वह उन बच्चों का भी चिन्हांकन करेंगी जिनका वजन तय मानकों से कम है। ऐसे लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर पूछकर ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इससे इन मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया जा सकेगा।

# उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की मुख्यालय शाखा का किया गया गठन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। 10 अक्टूबर 2024 को मुख्यालय शाखा का अधिवेशन किया गया जिसमे अध्यक्ष अभिजीत राय की अध्यक्षता एवं अतिथि सयुंक्त महामंत्री रूपम पाण्डेय के नेतृत्व मे चुनाव अधिकारी आशीष मिश्र मण्डल मंत्री, सह चुनाव अधिकारी सत्यम गुप्ता सयुंक्त मण्डल मंत्री तथा प्रस्तावक अजय सिंह मण अध्यक्ष और समर्थक सभाजीत चौबे मण्डल संगठन मंत्री रहे ।रूपम पाण्डेय सयुंक्त महामंत्री ने किया संचालन ।आये कई लोगो ने सदस्यता लिया जिनमे कुछ पदाधिकारी बनाये गये ।अधिवेशन के दौरान मुख्यालय की नवनिर्वाचित कमेटी का चुनी गयी ।अध्यक्ष- निर्भय कुमार सिंह शाखा मंत्री- दिलके मीना

उपाध्यक्ष- संजय वाजपेई सहायक मंत्री- गौरी शंकरसहायक मंत्री- आदेश पाण्डेय संगठन मंत्री- बीरबल ठाकुर कोषाध्यक्ष- दिनेश कुमार कार्यकारी सदस्य संतोष सिंह हिमांशु दुबेराजेश कुमार पटेल राम चन्द्र पालविकास कुमार वर्माआर पी यादव अजीत रेनू

कार्यक्रम मे प्रहलादकुमार, प्रभात कुमार, विपुल पाण्डेय, राकेश मीना आदि रहे।

# उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशो पर बार एसोसिएशन का चुनाव कराए एल्डर कमेटी : पं रवीन्द्र शर्मा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बार एसोसिएशन चुनाव अधिवक्ताओ की गरिमानुसर हो के लिए पं रवीन्द शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने एल्डर कमेटी चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता को पत्र देते हुए बताया कि कानपुर कचहरी सहित सम्पूर्ण शहर होर्डिंग पोस्टर बैनरो से पटा पड़ा है होटलों गेस्ट हाउसो पार्टी लानो में दिनरात भोज भंडारे और रात्रि पार्टियां आयोजित की जा रही है कचहरी परिसर में बार एसोसिएशन के अगल बगल भोज भंडारे किए जा रहे है। जिनमे बाहरी व्यक्तियों और अपराधिक प्रवृति लोगो के शामिल होने की भी चर्चाएं है जिससे अधिवक्ताओं की छवि धूमिल हो रही है ये सारे कार्य माडल बायलाज के नियमो के प्रतिकूल होने के साथ ही धन का प्रदर्शन कर सामान्य अधिवक्ता को चुनाव से बाहर रखने की सोची समझी साजिश है ।उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अमित कुमार व अन्य की याचिका पर दिशा निर्देश दे बार एसोसिएशन चुनावो में होर्डिंग पोस्टर बैनर के प्रयोग पर रोक लगाने के साथ साथ कचहरी परिसर ,होटल गेस्ट हाउस और पार्टी लानो में आयोजित होने वाले भोज भंडारे और रात्रि पार्टियों पर भी रोक लगाई है किंतु निर्देशो का पालन नही हो रहा है ।उच्च न्यायालय के चेयरमैन एल्डर कमेटी गुप्ता ने पत्र प्राप्त कर कहा कि हम शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करते हुए माडल बायलाज और मा उच्च न्यायालय के निर्देशो का पालन कराएंगे ।प्रमुख रूप से अरविंद दीक्षित संजीव कपूर अंकुर गोयल इंद्रेश मिश्रा अशोक कुमार के के यादव आदि रहे।

# सी0ओ0 जियाउल हक के हत्यारों को फांसी दिये जाने की मांग

कानपुर। आदर्श लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष श्री शाकिर अली उस्मानी की अध्यक्षता में एक बैठक सिविल लाइन्स, कचेहरी कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में 02 मार्च 2013 को सी0ओ0 जियाउल हक की हत्या प्रतापगढ़ में दिन दहाड़े हुई थी जिसमें मौके पर सिर्फ जियाउल हक की हत्या हुई परन्तु किसी पुलिसकर्मी को चोट तक नहीं आई। सी0बी0आई0 अदालत में इस हत्या में शामिल 10 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि इस जघन्य हत्या के लिए दोषियों को कम से कम फांसी दिये जाने की मांग की है। बैठक में अदालत से मांग की जाती है कि उपरोक्त लोगों को कम से कम फांसी की सजा दी जाये। कोर्ट ने जिन लोगों को दोषी माना है उसमें फूलचन्द्र यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम, सरोज, राम लखन गौतम, छोटे लाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिव राम पासी, जंग बहादुर पटेल को इस हत्या का दोषी करार दिया है।

उपरोक्त लोगों ने एक सुनियोजित साजिश के तहत उ0प्र0 के पी0पी0एस0 अधिकारी जियाउल हक की हत्या की थी। बैठक में उनकी पत्नी प्रवीन आजाद ने जो संघर्ष करके इस लड़ाई को जीता है उसके लिए उनको बधाई के पात्र हैं और उम्मीद की जाती है कि उ0प्र0 की सरकार उपरोक्त हत्यारों के घरों पर क्या बुलडोजर चलायेगी ।बैठक में प्रमुख रूप से आदर्श लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष श्री शाकिर अली उस्मानी, प्रदीप यादव, ओम प्रकाश लोधी, सोने लाल गौतम, श्याम सोनकर, रियाजुर्रहमान एड0. रंजन राजपूत, याकूब सिद्दीकी, एडवोकेट, वकार अहमद आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शिव पार्वती सामूहिक विवाह से पूर्व 11 जोड़ो को शूट, लहंगा व श्रंगार की सामग्री की गई वितरित

कानपुर। ओम जन सेवा संस्थान की कानपुर टीम ने अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा)के नेतृत्व में आज कृष्णा वाटिका लॉन, कृष्णा नगर, जी टी रोड में आज शिव पार्वती सामूहिक विवाह से पूर्व 11 जोड़ो को शूट, लहंगा व श्रंगार की सामग्री भी वितरण की गई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य गरीब, असहाय व जरूरतमंदो की मदद करना, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित करके उनका मनोबल बढ़ाना, थैलीसीमिया से पीड़ति बच्चों एवं जरूरतमंदों के लिए रक्त दान करके उनके जीवन को सुरक्षित करना है,हमने एक वर्ष पहले गरीब कन्याओं के विवाह का संकल्प लिया था, आज हमारा सपना साकार हो रहा है, आज बहुत खुशी व आनन्द महसूस हो रहा है, लेकिन संकल्प को पूरा करने में हमारे पति शैलेन्द्र गुप्ता ने हमेंशा हमारा मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। जिन लोगों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हमें सहयोग किया है,हम उसका हृदय से धन्यवाद देते हैं।

अन्य वक्ताओं अशोक भाटिया, श्री गोपाल तुलस्यान, कृष्ण शर्मा, सरोज अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि ओम जन सेवा संस्था की टीम लगातार सराहनीय कार्य कर रही है, कन्याओं का विवाह कराना सबसे पुण्य का कार्य है, समाज के सम्पन्न लोगों को आगे आकर ऐसी संस्था का सहयोग करना चाहिए जिससे हौसला बढ़ता है। मंच का संचालन एंकर विनीत त्रिपाठी ने किया। इस समारोह में प्रमुख रूप से सीमा अग्रहरि, अशोक भाटिया, श्री गोपाल तुलस्यान, शैलेंद्र गुप्ता, सिधांशु राय, मदन तिवारी, सरोज अग्रवाल, दीप्ति राय, राकेश ओझा , ममता मिश्रा , सीमा भाटिया ,चंद्र भाटिया, राजीव भाटिया, आयुष भाटिया ,तानसा , विनीत चड्ढा, गिन्नी चढ़ा ,नितिन, सिंपल,आदि लोग विशेष रूप से मौजूद रहे।

# उत्पीड़न के खिलाफ व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

कानपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्राव कानपुर उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील बजाज, महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी, विभिन्न बाजारों के प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधि द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन खाद्य सुरक्षा संजय सिंह को दिया जिसमे विभाग द्वारा किसानों द्वारा उपज की गई खड़ी फसलों जैसे सिंघाड़ा, जो कि तालाब में पैदा होता है जिसमें किसी प्रकार का कोई मिश्रण नहीं किया जाता है और उसको बाजार में लेकर आता है उसकी बिक्री होने के बाद किसानों द्वारा कुछ व्यापारियों द्वारा माल को सुरक्षित रखने हेतु कोल्ड स्टोरेज में भंडारण किया जाता है तकी माल सुरक्षित रहे विभाग द्वारा व्यापारियों व किसानों का उत्पीड़न करने के मनसा से खड़े सिंघाड़े का वअन्य खड़े जिंसों का नमूना लेने की बात बताई गई।



महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने जब अधिकारियों से पूछा कि कोई भी खड़ी जींस कितने दिन तक भंडारण की जा सकती है इसका कोई मानक हो तो आप बताएं जिस पर अधिकारियों का कोई उत्तर नहीं मिला सदा यह भी कहा गया की सैंपलिंग के नाम पर छोटे-छोटे दुकानदारों को उत्पीड़न न किया जाए !लाइसेंस नवीनीकरण के संबंध में फूड सेफ्टी अधिकारी द्वारा बताया गया कि 5 वर्ष का लाइसेंस बनता है यदि एक दिन भी लेट हो गया तो 2000 प्रतिमाह पेनल्टी लगेगी जिसका भी व्यापार मंडल के परिनिधियों ने विरोध किया तथा सरकार से मांग की इसको तत्काल खत्म किया जाए और लाइसेंस आजीवन किए जाएं !आज के इस प्रमुख ज्ञापन में राकेश सिंह, विनय अरोड़ा सरताज अहमद सुशील गुप्ता महेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, विराट गुप्ता संजीव अग्रवाल पवन गुप्ता, प्रताप महेश्वरी, ओम प्रकाश चौटाला, अनिल जैन, आलोक गुप्ता, संजय राठौर, अजय जायसवाल, शिव कुमार गुप्ता आशीष गुप्ता मोनू, मनोज गुप्ता, विनय शंकर पांडे, हरद ईदलाल गुप्ता, सुनील चौहान, अभिषेक त्रिपाठी, ईश्वर वर्मा विशन गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल राजू,संतोष गुप्ता, अशफाक ब्रदर्स अतुल बाजपेई गुलशन जायसवाल , हरिओम गुप्ता, आदि तमाम व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

# अंबे है मेरी मां, नवरात्रि पर मंदिर में जयकारों की गूंज

कानपुर। प्रातः प्रातः 8 बजे आरती प्रारम्भ हुई। शाम 7 बजे अनुराग मिश्रा जागरण जागरण पार्टी द्वारा माता की चौकी में धूम मचा दी। तेरे दर पर खड़ा तेरा बेटा अब तो मेरी नैया पार लग दे मां,, आदि भजनों पर पूरा मन्दिर माता के जयकारों से गूंज उठा। सभी भक्त झूम उठे। मन्दिर के मुख्य अतिथि व चेयरमैन विजय कपूर जी को माता की चुनरी पहना कर आशीर्वाद दिया। विजय कपूर जी भक्तो को बाटा प्रसाद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कपूर, गुलशन चावला, सुरेंद्र सराफ, श्याम लाल मूल चंदानी, ओंकार नाथ मल्होत्रा, अशोक गांधी, राकेश आनन्द, हर्ष चावला, राजू कपूर, सुनील अरोड़ा, राजू ढल, नवदीप उप्पल, टोनी चावला, रिंकू मग्गो, सुनील मल्होत्रा, पंकज ग्रोवर, विजय गोस्वामी आदि थे।

# अंजुमन फिदायाने मुस्तफा के बैनर तले सयाशाने शान से निकलेगा जुलूस ए गौसिया



कानपुर। इतवार बाद नमाजे जोहर मस्जिद दीन मोहम्मद सौदागर फिटफुल गंज कानपुर नगर में एक अहम मीटिंग शहर काजी कानपुर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें अंजुमन फिदायाने मुस्तफा के बैनर तले उठने वाले जुलूस ए गौसिया की तैयारी को लेकर पदाधिकारी ने शिरकत की इस मौके पर जुलूस को अच्छे अंदाज से बेहतर बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई और तय हुआ कि वक्त और हालात को देखते हुए बहुत ही मुनजम तरीके से जुलूस उठाया जाए जुलूस की पूरी निगरानी के लिए वॉलिंटियर बनाए गए इस मौके पर अंजुमन ने गाइडलाइन जारी की नंबर 1, 10 फीट से ऊंचे झंडा लेकर ना चले नंबर 2 जो भी गाड़ियां जुलूस में लगती है चाहे वह साउंड की ही गाड़ी हो अंजुमन के पदाधिकारी को नोट कर दे

नंबर 3 जुलूस में डीजे कतई ना बजाया जाए बल्कि माइक से नात शरीफ मन्क़बात पढ़ते हुए चलेंनंबर 4 कुर्ता पजामा टोपी और खुशबू लगाकर जुलूस में शामिल हो

नंबर 5 कोई ऐसा नारा ना लगाएं जिससे किसी का दिल आहत हो

मीटिंग में मुख्य रूप से कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी नायब शहर काजी कानपुर कारी अनवर उल हक जरनल सेक्रेटरी मोहम्मद इमरान अंसारी हाफिज सैयद फैज उल रहमान बरकाती महबूब आलम खान अखलाक अहमद चिश्ती अयाज अहमद चिश्ती कलीमुल मुबीन सरफराज मोहम्मद दानिश महबूब वारसी इम्तियाज अहमद मोहम्मद शारिक आदि उपस्थित रहे इस मौके पर अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद इमरान अंसारी ने बताया कि जुलूस मस्जिद दीन मोहम्मद सौदागर फिटफुल गंज कैंट कानपुर से बाद नमाज जोहर दिन 2:00 बजे उठेगा

# बुराई पर अच्छाई के प्रतीक विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया


## ड्रोन की लेजर लाइटों से जगमगाया आसमान, हजारों राम भक्तों के जयकारे ने किया उत्साहवर्धन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। शहर में जगह-जगह रावण के छोटे-बड़े पुतलों का दहन किया गया। रामलीला स्थलों पर मेले का भी आयोजन किया गया। आतिशबाजी के बाद देर शाम पुतलों का दहन शुरू हुआ। दशहरा मेला में उमड़ी दर्शकों की भीड़ को देखते हुए शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर ड्रोन से निगरानी की गई। सुरक्षा में तीन कंपनी पीएसी, एलआईयू, कमांडो समेत 500 से ज्यादा पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में तैनात रहे।





दशहरे का मुख्य केंद्र परेड रामलीला सोसाइटी का रहा, जिसमें कुंभ मेले में हुए ड्रोन शो के बाद पहली बार रामलीला में ड्रोन शो का आयोजन किया गया। दशानन वध से पहले परेड मैदान से 150 ड्रोन उड़े। तो मैदान में मौजूद हजारों लोगों की आंखें आसमान में टकटकी लगा कर देखने लगी। कुछ ही देर में रामलीला मैदान समेत आसपास का इलाका रंग-बिरंगी रोशनी से चकाचौंध हो गया। पलक झपकते ही एक के बाद एक आकाशीय आतिशबाजी शुरू हुई, तो शहर थम सा गया।

ऐतिहासिक रामलीला के स्वर्णिम इतिहास में पहली बार ड्रोन शो जैसा आयोजन किया गया। हजारों की भीड़ ने सबसे बड़े रावण का वध देखा। मैदान से रावण के आसपास 150 ड्रोन हवा में उड़ने लगे, तो लोगों में कौतूहल मच गया। सोसाइटी ने दर्शकों के लिए ड्रोन शो का आयोजन किया गया। एक साथ इतनी संख्या में ड्रोन देखकर लोगों की आंखें खुली की खुली रह गईं। देखते ही देखते उनसे लेजर लाइटें सहित म्यूजिकल साउंड के साथ लाइटें करतब दिखा रही थीं। इन लेजर लाइटों ने %वेलकम% लिखा कर हजारों दर्शको का उत्साहवर्धन कर राम भक्तों को झूमते हुए दिखे। इसके बाद ड्रोन ने कला का ऐतिहासिक नमूना दिखाते हुए एक के बाद एक राम सीता, प्रभु राम, हनुमान, राम रावण युद्ध का चित्रण किया तो दर्शकों की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। रामलीला सोसाइटी के नाम के बाद जय श्री राम और राम, राम, राम के अक्षर काले आसमान पर अपनी छटा बिखेरने लगे। राम नाम के बाद ड्रोन के जरिए आसमान में राम दरबार का चित्र उकेरा गया, तो दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया।

राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गीत बजते ही लेजर लाइटों के इशारों पर आसमान में रंग-बिरंगी आशितबाजी ने सबका मन मोह लिया।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान रिंद नदी में डूबा किशोर

कानपुर। भीतरगांव इलाके के देवपुरा रिंद नदी में फतेहपुर के जहानाबाद कस्बे से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए लोग आए थे। इन्हीं में शामिल एक किशोर रविवार दोपहर ढाई बजे रिंद नदी में डूब गया। सूचना पर सक्रिय हुई साढ़ पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड नरवल टीम ने नदी में स्थानीय गोताखोरों से तलाश शुरू करवाई। हालांकि, देर शाम लापता किशोर का पता नहीं चल सका। घाट पर पुलिस के मौजूद न होने की बात पर साढ़ पुलिस ने पड़ोसी जिले से आकर मूर्ति विसर्जन करने की जानकारी न होने की बात कही। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। फतेहपुर के जहानाबाद कस्बे में नवरात्रि अवसर पर मां दुर्गा पूजा के लिए मूर्ति स्थापित की गई थी। रविवार को मूर्ति विसर्जन यात्रा साढ़ इलाके के देवपुरा गांव किनारे से निकली रिंद नदी पुल पर पहुंची ।विसर्जन यात्रा में महोलिया गांव निवासी गल्ला व्यापारी विमल यादव का बेटा नितिन (17) भी घाट पर मौजूद था। मूर्ति विसर्जन के दौरान वह नदी में नहाने लगा। बहाव तेज होने पर वह गहराई में फंसकर डूबकर गुम हो गया। मौके पर पहुंची मां और बहनें दहाड़े मार कर रोने लगी, तो हर किसी की आंखे नम हो गई। साढ़ पुलिस के मुताविक सूचना मिलते ही स्थानीय नौका की मदद से सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

### गरीब बच्चों को शैक्षिक सामग्री वितरित किया

कानपुर। अखिल भारतीय जायसवाल सभा ने आज शिव कटरा में गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित किए। जिसमें भाजपा नेता राकेश तिवारी मौजूद रहे। अपने सम्बोधन में कहा कि अभी हम लोग नवरात्रि मनाई है कन्याओ का पूजन कर प्रसाद वितरण किया,आज जायसवाल सभा ने बहुत सराहनीय कार्य किया है। चकेरी थानाध्यक्ष अशोक दुबे, सुशील गुप्ता आदि ने जायसवाल सभा के कार्य की सराहना किया। इसमें प्रमुख रूप से अमरीश जायसवाल, मुकेश जायसवाल, दौलत जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# दशानन के खुले पट दर्शानार्थियों ने श्रद्धा भाव से किए दर्शन

## साल में सिर्फ विजयादशमी पर ही दशानन महाराज के खुलते हैं पट

कानपुर। कैलाश मंदिर जो शिवाले में स्थित है, दशानन रावण के हुए दर्शन। पूरे देश में विजयदशमी में रावण का प्रतीक रूप में वध कर चाहे उसका पुतला जलाया जाता हो,लेकिन उत्तर प्रदेश में कानपुर एक ऐसी जगह है जहां दशहरे के दिन रावण की पूजा की जाती है,इतना ही नहीं यहाँ पूजा करने के लिए रावण का मंदिर भी मौजूद है जो केवल वर्ष में दशहरे के मौके पर खोला जाता है, रावण का ये मंदिर उद्योग नगरी कानपुर में मौजूद है,विजयदशमी के दिन इस मंदिर में पूरे विधिविधान से रावण का दुग्ध स्नान और अभिषेक कर श्रंगार किया जाता है उसके बाद पूजन के साथ रावण की स्तुति कर आरती की जाती है,

ब्रह्म बाण नाभि में लगने के बाद और रावण के धराशाही होने के बीच कालचक्र ने जो रचना की उसने रावण को पूजने योग्य बना दिया,यह वह समय था जब राम ने लक्ष्मण से कहा था कि रावण के पैरो की तरफ खड़े हो कर सम्मान पूर्वक नीति ज्ञान की शिक्षा ग्रहण करो,क्योकि धरातल पर न कभी रावण के जैसा कोई ज्ञानी पैदा हुआ है और न कभी होगा,रावण का यही स्वरूप पूजनीय है और इसी स्वरुप को ध्यान में रखकर कानपुर में रावण के पूजन का विधान है,सन 1868 में कानपुर में बने इस मंदिर में तबसे आज तक निरंतर रावण की पूजा होती है ,लोग हर वर्ष इस मंदिर के खुलने का इन्तजार करते है और मंदिर खुलने पर यहाँ पूजा अर्चना बड़े धूम धाम से करते है, पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ रावण की आरती भी की जाती है, कानपुर में मौजूद रावण के इस मंदिर के बारे में यह भी मान्यता है

कि यहाँ मन्नत मांगने से लोगों के मन की मुरादें भी पूरी होती है, और लोग इसी लिए यहाँ दशहरे पर रावण की विशेष पूजा करते हैं,यहाँ दशहरे के दिन ही रावण का जन्मदिन भी मनाया जाता है।

# सपाइयों ने जयप्रकाश नारायण की 122 वीं जयंती पर उनके तैल चित्र पर किया माल्यार्पण

कानपुर। संपूर्ण क्रांति के महान योद्धा जयप्रकाश नारायण की 122वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी की पीडीए यूथ टीम के प्रभारियों डिग्री कॉलेज के प्रतिभावान छात्रों एवं महिलाओं का युवा सम्मेलन सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में नवीन मार्केट में आरंभ हुआ जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया युवा सम्मेलन में सर्वप्रथम अध्यक्ष ने जेपी के चित्र पर माल्या अर्पण करते हुए संपूर्ण क्रांति के महान योद्धा को नमन किया और सम्मेलन को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा की जय प्रकाश नारायण सन 1974 को कानपुर आए थे और एक विशाल सभा में कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अहिंसात्मक आंदोलन करो और कहा कि डरना नहीं अभी हम जिंदा है तानाशाही प्रवृत्ति की सरकार के खिलाफ संघर्ष में युवा पीढ़ी झुकेगी पूरे देश में नौजवान सड़कों पर निकल रहा है महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि जयप्रकाश नारायण संघर्षील जुझारू तथा आजादी की लड़ाई में अग्रणी रहकर संघर्ष किया और जयप्रकाश नारायण देश के महान जननायक विनय से क्रांति के शोधक भारत में समाजवाद की स्थापना भारत छोड़ो आंदोलन सर्वोदय आंदोलन चंबल के डाकुओं का समर्पण बिहार आंदोलन संपूर्ण क्रांति का आवाहन से लेकर दिल्ली की आधिनायक वादी सत्ता को उखाड़ कर लोकतंत्र की बहाली तक उन्होंने इतनी विविध रचनात्मक और सत्याग्रही भूमिकाओं का निर्वहन किया।

# नेत्र विभाग गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज में वर्ड साइड डे पर कार्यक्रम का आयोजन

कानपुर। नेत्र विभाग गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज कानपुर में वर्ड साइड डे पर आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कि मुख्य रूप से कानपुर ऑफ़्थेलमिक सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉक्टर मनीष महिंद्रा, एलियंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हरजीत कौर तथा नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रो शालिनी मोहन और समाजसेवी मदन गांधी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेत्रदानी परिवार जनों को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से स्वर्गीय बहल तथा स्वर्गीय श्री मंगलानी के परिवार जन रहे । डॉक्टर शालिनी मोहन ने बताया कि इस वर्ष वर्ड साइड दे का थीम है अर्थात बच्चों की आँखों से प्यार करिए ।इसलिए नेत्र विभाग में उन बच्चों को बुलाया गया जिनका की वहीं पर ऑपरेशन किया गया है और वो इस दुनिया को अब देख पा रहे हैं । उन बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत की जैसे की गाना गाना कहानियाँ सुनाना चुटकुले सुनाना और उन्हें पुरस्कार स्वरूप पेंटिंग का सामान दिया गया तथा साथ में अन्य चॉकलेट और जूस वग़ैरह खाने पीने का समान दिया गया । जिससे कि वो बहुतों उत्साहित हुए। इस अवसर पर डॉक्टर मनीष महिंद्रा ने कहा कि नेत्रदान करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए और यह कार्य से पुण्य कार्य और कोई भी नहीं हो सकता । एलियंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कौर ने कहा कि एलियंस क्लब समय समय पर नेत्र विभाग की मदद जिस प्रकार से भी संभव होगी करता रहेगा और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम में बच्चों तथा मरीज़ों का सहयोग करता रहेगा । इस अवसर पर नेत्र विभाग के असोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर पारुल सिंह,असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर सुरभी अग्रवाल,डॉक्टर स्नेहा रंजन सभी रेज़ीडेंट कर्मचारीगण और ऑटो मैट्रिक के छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।

# दशहरा से पूर्व स्कूल के बच्चों ने सुंदर-सुंदर झांकियां की प्रस्तुत

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सनिगवां स्थित सेंट कोलंबस पब्लिक स्कूल में दशहरा से पूर्व बाल्यावस्था में सजे भगवान श्री राम के बाण से रावण का वध कर दिया गया। बुराई का अंत हुआ और सत्य की विजय हुई। स्कूल की डायरेक्टर द्वारा भगवान श्री राम सीता मैया लक्ष्मण जी और हनुमान जी को तिलक कर पूजा की गई। और सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं द्वारा भगवान की सुंदर आरती की गई।

फिर नन्हे- मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अपनी सांस्कृति से जुड़े हुए नृत्य, डांडिया एवं विभिन्न प्रकार के भगवान श्री राम और माता दुर्गा पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य बीबी कटियार ने बताया कि हम सभी को अपने संस्कृति के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। और अपने वाली पीढ़ियो में इस संस्कृति का समावेश करना है ।जिससे आने वाले समय में हमारे बच्चे अगर संस्कृति से जुड़े रहेंगे तो वह सभी लोगों का हमेशा सम्मान करते रहेंगे। बच्चों द्वारा पाँच फीट का रावण बनाया गया था। इस कार्यक्रम में नितिन सिंह, अन्नू शर्मा, पारुल मल्होत्रा, अमृता आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# जिला सैनिक बन्धु की बैठक में 3 प्रकरणों पर हुई सुनवाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।जिला सैनिक बन्धु की बैठक अपर जिलाधिकारी (नगर) डा0 राजेश कुमार की अध्यक्षता में एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कानपुर नगर के संचालन में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्राप्त कुल तीन (03) प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सेवारत सैनिक सत्यवीर सिंह के यूनिट के माध्यम से प्राप्त शिकायती पत्र के अनुसार सेवारत सैनिक की पत्नी के सगे भाई और उनकी पत्नी के द्वारा घर में घुस कर मार-पीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी द्वारा ए0सी0पी0 आशुतोष, कानपुर नगर को निर्देशित किया गया कि प्रकरण में गम्भीरता से जॉच/कार्यवाही कराकर प्रकरण का निस्टतारण कराये।

पूर्व वायु सैनिक कृष्णा नन्द तिवारी, कानपुर नगर द्वारा शिकायत की गई कि उनकी भूमि पर जबरन कब्जा किया गया हैं एवं विरोधियों द्वारा प्राथमिकी रिर्पोट भी दर्ज करायी गयी हैं, जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा ए0सी0पी0 आशुतोष, ए0सी0पी0 चकेरी एवं उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया गया, कि उक्त के सम्बन्ध में संयुक्त रूप से जॉचोपरान्त नियमानुसार प्रकरण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। शमीना बेगम पत्नी शहीद सैनिक खलील अहमद के सम्बन्ध में यूनिट 8वीं बटालियन राजपूताना राईफल्स् के माध्यम से प्राप्त शिकायती पत्र के अनुसार अपने शहीद पति की यादगार में अपनी ही भूमि पर शहीद स्मारक का निमार्ण कराना चाहती हैं, जिस पर दबंग लोग अवरोधक बन रहे हैं, इस प्रकरण पर अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को शासनादेश के अनुसार कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला सैनिक बन्धु गठन के नामित सरकारी सदस्य/गैर सरकारी सदस्य के साथ साथ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कानपुर नगर एवं सैनिक बन्धु उपाध्यक्ष मेजर योगेन्द्र सिंह कटियार भी उपस्थित रहें।

# खखैचा में कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न

प्रतापपुर- शारदीय नवरात्र के पावन पर्व महानवमी के अवसर पर क्षेत्र के खखैचा ग्राम में विश्व हिन्दू परिषद् दुर्गा वाहिनी प्रखण्ड प्रतापपुर के द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला गंगापार वेद एवं संस्कृत प्रमुख तथा श्रीबज्रांग आश्रम देवली प्रतापपुर गुरुकुल के संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक की सहधर्मिणी ज्योति रमा द्विवेदी ने कन्याओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन करके मिष्ठान फल आदि का भोग अर्पण किया तथा देवी स्वरूप कन्याओं को खिलौने श्रृंगार सामग्री दक्षिणा देकर परिक्रमा करते हुए जयघोष के साथ विदा किया। इस अवसर पर मातृ शक्तियों में फूल कुमारी द्विवेदी,विमला शुक्ला,सावित्री मिश्रा,रेखा द्विवेदी,बेटू मिश्रा,तनु सिंह, तथा बजरंगदल सहसंयोजक प्रखण्ड प्रतापपुर आलोक द्विवेदी बच्चन,अभिनव द्विवेदी डीयम,यज्ञदत्त दुबे,शिवदत्त द्विवेदी,कृष्णदत्त द्विवेदी,विष्णुदत्त द्विवेदी,देवदत्त द्विवेदी,गोरेलाल मिश्र,विपुल शुक्ल,लल्ला शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### कानपुर के शिक्षक को मिली आतंकी धमकी

कानपुर। कानपुर के शिक्षक को मिली आतंकी धमकी। कानपुर शास्त्री नगर के शिक्षक सुधांशु मिश्रा को watsup कॉल पर मिली जान से मारने की धमकी ।15 सितंबर रात करीब 10:07 पर साइबर अपराधी व आतंकवादी मुबारिक ख़ान का वाट्सअप कॉल आया।

मुबारिक ख़ान ने शिक्षक से दस लाख़ रू की मांग की और शिक्षक द्वारा मांग न पूरी होने पर उसकी नग्न वीडियो सोशल मीडिया पर वाइरल करने की धमकी दी ।शिक्षक ने डर के कारण 1,16000 बताए गए अकाउंट में डाल दिए, शिक्षक ने अपने परिवार वालों को खतरे से बचाने के लिए जल्द बाज़ी में ऐसा किया।

लेकिन उसके बाद भी कोई राकेश अस्थाना नाम से फेक कॉल आई, फिर धमकी दी है, जिसकी जानकारी नज़दीकी काकादेव थाने में दी और एफआईआर दर्ज़ करवाई है, जिसकी पुलिस प्रशासन द्वारा जांच की जा रही है।

# फल विक्रेता से सफाई कर्मी की मारपीट में दरोगा ने पीटा सफाई कर्मी को

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मंगलवार को विजय नगर में उस वक्त हंगामा हो गया। जब चोरी के आरोप में पुलिस कर्मी ने नगर निगम के सफाई कर्मचारी को पीट दिया।

सूचना पर पहुंचे नगर निगम यूनियन के कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को शांत कराया। कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था को ठप कर जमकर हंगामा किया।

विजय नगर स्थित ऋचा इलेक्ट्रॉनिक्स के बगल में मनमोहन सोनी व श्याम मोहन सोनी फल बेचने की दुकान फुटपाथ पर लगाते हैं। मनमोहन सोनी ने 4 दिन पहले सफाई कर्मचारी दीपू पर चोरी का आरोप लगाते हुए चौकी में तहरीर दी थी।

मंगलवार को चौकी इंचार्ज ने फल विक्रेता के साथ पीट दिया। इसकी सूचना सफाई कर्मचारी ने अन्य साथियों व नगर निगम कर्मचारी यूनियन को सूचना दी। यूनियन नेता रमाकांत मिश्रा समेत अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हंगामा बढ़ता देख फजलगंज थाना से पुलिस मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने फल विक्रेता के खिलाफ तहरीर भी दी। फल विक्रेता को हिरासत में ले लिया।

इस बीच, किसी ने मारपीट और पथराव की अफवाह फैला दी। जिसकी सूचना पर फजलगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सभी को समझाकर शांत किया। इसके बाद पार्षद अरविंद यादव समेत सभी लोग फजलगंज थाने पहुंचे, जहां पर फल विक्रेता के खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद नगर निगम का प्रवर्तन दस्ता भी विजय नगर पहुंच गया, जिसके बाद हड़कंप मच गया। फल दुकानदारों ने सड़क के दोनों तरफ कब्जा कर लिया था, इसके बाद नगर निगम के बुलडोजर ने यहां पर सड़क और फुटपाथ घेरे कब्जों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान फल दुकानदारों ने हंगामा भी किया, दस्ते के आगे उनकी एक नहीं चली। मुख्य आरोपी फल विक्रेता पर 30 हजार रुपए का जुर्माना और अन्य फल विक्रेताओं पर 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला।

# कुलपति ने जौ की नवीन प्रजाति को विकसित करने वाली टीम को दी बधाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के जौ अभिजनक/ निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डा.विजय कुमार यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जौ की नवीन प्रजाति आजाद जौ 34 (के बी 2031) विकसित की गई है। इस जलवायु अनुकूलन एवं बीमारी अवरोधी जौ की प्रजाति को 7 अक्टूबर को केंद्रीय प्रजाति विमोचन समिति ने रिलीज हेतु संस्तुति कर दिया है। डॉक्टर यादव ने बताया कि इस समय देश में 6.28 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल पर 30.4 कुंतल उत्पादकता के साथ 19.2 लाख मैट्रिक टन उत्पादन हो रहा है जबकि प्रदेश में 1.70 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 5.82 मेट्रिक टन उत्पादन किया जा रहा है इसकी उत्पादकता 34.13 कुंतल प्रति हेक्टेयर है। डॉ विजय कुमार यादव ने बताया कि यह प्रजाति उसर भूमियों हेतु सहिष्णु है तथा उसर भूमियों में जौ के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रजाति 134 दिनों में पककर तैयार हो जाती है जिसके दाने सुडौल तथा 12.15त्न प्रोटीन की मात्रा पाई जाती है। यह प्रजाति ब्लॉन्च स्पॉट बीमारी के प्रति सहिष्णु है तथा लवण एवं क्षारीय भूमियों में 38 कुंतल प्रति हेक्टेयर उत्पादन देने की क्षमता रखती है। इस प्रजाति को विकसित करने वाली टीम में डॉक्टर विजय कुमार यादव, डॉक्टर पीके गुप्ता, डॉक्टर सोमवीर, डॉक्टर पीके सिंह, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर जावेद बाहर, डॉक्टर चारुल कंचन के साथ ही तकनीकी सहायक राजेश कुमार,पंकज कुमार का विशेष योगदान रहा है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने जौ की नवीन प्रजाति को विकसित करने वाली टीम को बधाइयां दी है, साथ ही आशा व्यक्त की है कि जलवायु अनुकूलन इस प्रजाति के विकास से जौ उत्पादन में आशातीत वृद्धि होगी।



# बिरहाना रोड :दवा की दुकान में पड़ा था छापा

## MONTAIR-LC, ACILOC-RD, CHYMORAL-FORT जैसी दवाएं जांच में पाई गई नकली खड़िया मिट्टी की पाई गई मिलावट



औषधि विभाग के अधिकारी मेडिकल स्टोर से जांच के लिए सैम्पल ( नमूने ) लेते हुए

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिरहाना रोड दवा मार्केट निगम ब्रदर्स की दुकान पर कुछ दिन पहले औषधि विभाग की टीम ने छापा मारा था। विभाग टीम के अधिकारियों द्वारा संबंधित दवाओं का बिल मांगने पर दुकान का मालिक ज्ञानवीर निगम फर्जी बिल दिखाने लगा था। फिलहाल ड्रग विभाग के अधिकारियों द्वारा 15 दवाओं के सैंपल (नमूने) लिए गए थे। जिसे जांच के लिए लैब भेज दिया गया था।

औषधि निरीक्षक रेखा सचान और ओमपाल सिंह ने बताया कि टीम ने कुछ दिन पहले बिरहाना रोड दावा बाजार पर ज्ञानवीर निगम की दुकान निगम ब्रदर्स पर छापेमारी की थी और 15 दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया था। जिसमे 6 की रिपोर्ट आ चुकी है, जो जांच में नकली पाई गई हैं, शेष की रिपोर्ट आना अभी बाकी है ।बताया कि, (1) MONTAIR – LC, (2) MONTAIR - LC दूसरे बैच की दवा, (3) MONTAIR - FX, (4) CHYMORAL - FORT, (5) CHYMORAL - FORT दूसरे बैच की दवा, (6) ACILOC - RD दवाई जांच में नकली पाई गई। दवा के नमूनों में खड़िया मिट्टी की मिलावट पाई गई।

Montair-Lc टैबलेट का इस्तेमाल त्वचा में एलर्जी, एलर्जी के कारण नाक बहना और छींकना जैसी बीमारियों में किया जाता है।

Chymoral-Fort टैबलेट का इस्तेमाल सूजन कम करने, बुखार को नियंत्रित करने, दर्द को कम करने में किया जाता है।

Aciloc-RD टैबलेट का इस्तेमाल पेट में गैस, पेट में दर्द, जलन यह दवा पेट के एसिड को बेअसर करता है, और पेट की परेशानियों को कम करता है।

रेखा सचान ने बताया कि लिए गए दावाओं में 6 सैंपल (नमूनों) की रिपोर्ट आ चुकी है, शेष आनी बाकी है, शेष रिपोर्ट आने पर लाइसेंस निरस्त की कार्यवाही की जाएगी ।यह भी बताया कि कुछ मिलावट खोर बड़ी-बड़ी कंपनियों की ब्रांडेड दवाओं की हू बहू नकल करके बेच रहे हैं। जानकारी मिलने पर नकली दवा बनाने वाले कारोबारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

बगैर लाइसेंस पनकी में चल रहा था, अवैध मेडिकल स्टोर ।पनकी सी ब्लॉक में बगैर लाइसेंस मेडिकल स्टोर चलाया जा रहा था। जिसे ड्रग विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बंद कराया गया और 2 लाख की दवा जब्त की गई। औषधि निरीक्षक रेखा सचान व ओमपाल सिंह ने बताया कि फोन पर शिकायत मिली थी। की पनकी में लाइफ लाइन फार्मेसी मेडिकल स्टोर है। जिसका संचालक प्रशांत पांडे बिना बिल के दवा बेच रहा है। इस सूचना पर संबंधित मेडिकल स्टोर पर कार्यवाही की गई तो पता चला की संचालक द्वारा बगैर लाइसेंस मेडिकल स्टोर चलाया जा रहा है। मेडिकल स्टोर बंद कराते हुए 2 लाख की दवा जब्त की गई। साथ ही 2 दवाओं के सैंपल ( नमूने) लेकर जांच के लिए भेजा गया। लिए गए नमूनों में (1) TELMAVAS-H, (2) FENAK PLUS नाम की टेबलेट है

Telmavas-H टैबलेट का इस्तेमाल हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में किया जाता है। Fenak-Plus का इस्तेमाल दर्द, बुखार और सूजन में किया जाता है।

# शिक्षकों ने भरी हुंकार, सीसामऊ से सपा फिर एक बार

कानपुर। समाजवादी शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा आयोजित शैक्षिक विचार गोष्ठी हर सहाय जगदंबा सहाय इंटर कॉलेज पी रोड कानपुर के शैक्षिक भवन में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रोफेसर बी पांडे शामिल हुए ।गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रोफेसर बी पांडे ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी अनीति की राह पर चल रही है और उसको नीति पर लाने के लिए आज शिक्षकों ने हुंकार भरी है और सीसामऊ का उप चुनाव भारतीय जनता पार्टी को यह बता देगा कि अनीति नहीं नीति पर आपको चलना होगा शिक्षकों की तमाम समस्याएं व्याप्त हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनको नजरअंदाज कर रही शिक्षकों का शोषण हो रहा है पुरानी पेंशन बहाल न करके शिक्षकों का बुढ़ापा खराब किया जा रहा है वित्त विहीन शिक्षकों की दशा दयनीय है उस पर सरकार का ध्यान दें व्यावसायिक, तदर्थ,कंप्यूटर, राजकीय आश्रम पद्धति शिक्षकों का जीवन अधर में है मदरसा शिक्षकों के साथ सरकार द्वारा दोहरा मापदंड अपना रही है।

पांडे ने कहा कि सभी लोग मिलकर सरकार बदले समस्याओं का निदान होगा ।कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव के द्वारा किया गया संचालन राष्ट्रीय सचिव सुनील बाजपेई के द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आर्यनगर से शानदार आदरणीय अमिताभ बाजपेई, कैंट से विधायक मोहम्मद हसन रूमी सीसामऊ से समाजवादी पार्टी की घोषित प्रत्याशी नसीम सोलंकी जी कानपुर महानगर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष फजल महमूद पूर्व विधायक सतीश निगम सरताज अंकल मरहूम हाजी मुस्ताक सोलंकी की धर्मपत्नी हज्जिन सोमेंद्र शर्मा,अशोक त्रिपाठी,यतीन्द्र शर्मा,मिंटू यादव वरुण यादव नीतेंद्र यादव,अनुराग सचान अनुग्रह त्रिपाठी आसिफ कादरी वरुण जायसवाल रजत मिश्रा बाबू सिंह यादव मोहित तिवारी संतोष चौहान संदीप सिंह राजेश कुमार दिलीप सिंह आशीष शुक्ला अमित दुबे संतोष शुक्ला डॉ संतोष यादव डॉक्टर रंजीत सिंह दीपा यादव दीपिका मिश्रा नसीम राज पप्पू मिर्जा जावेद जमील अंकुल राजन दीक्षित राकेश यादव विनोद कुमार यादव वरुण मेहता मुर्तजा अली इम्तियाज रसूल कुरैशी समेत तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाजपा मुख्यालय पर खाट बिछाओ अधिकार दिलाओ आन्दोलन 25 को

## लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांग 10 माह से ईको गार्डेन में कर रहे है धरना अनशन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिव्यांग महागठबन्धन के आवाहन पर उत्तर प्रदेश के दिव्यांग संगठन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर खाट विछाओ अधिकार दिलाओ आन्दोलन करेंगे। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की बैठक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में आयोजित हुयी। बैठक में 10 माह से ईको गार्डेन लखनऊ में धरना अनशन कर रहे लेखपाल पद पर चयनित ओ. एच. श्रेणी के दिव्यांगों के समर्थन में भारी संख्या में लखनऊ पहुंचने का निर्णय लिया ।दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार ने लेखपाल पद पर दिव्यांग कोटे का विज्ञापन जारी किया।

विज्ञापन के बाद दिव्यांगों ने पेपर दिया पास होने के बाद दस्तावेजों का सत्यापन हुआ। उसके बाद राजस्व परिषद के अधिकारियों ने यह कह कर नियुक्ति पत्र देने से मना कर दिया कि आप अक्षम हैं। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि राजस्व परिषद के अधिकारी भ्रष्टाचार के चलते ओ.एच.श्रेणी के दिव्यांगजन के साथ अन्याय कर रहे हैं। समान्य कोटे में चयनित ओ.एच.श्रेणी के दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र दे दिया है और दिव्यांग कोटे के दिव्यांगजन को अक्षम बता कर नियुक्ति पत्र देने से मना कर दिया है। महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने सभी दिव्यांग संगठनों से 25 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचने की अपील किया। बैठक में महासचिव वीरेन्द्र कुमार. राहुल कुमार, आनन्द तिवारी, अरविन्द सिंह, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, मीरा कुशवाहा, तृप्ति खरे, गोमती वर्मा, याशमीन आदि शामिल थे।

# दुर्गा महोत्सव में उमड़े हजारों भक्त, महिलाओं ने की पूजा अर्चना

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नव चेतन महिला समिति की ओर से सातवां नव चेतन दुर्गा महोत्सव केशव पुरम आवास विकास कल्याणपुर में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने मां दुर्गा का विधि विधान से पूजन कर महाआरती की। समिति की महिला पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत माल्यार्पण कर पटका पहनाकर किया।

सैकड़ो की संख्या में मौजूद भक्तों ने एक स्वर में जय माता दी के जोरदार नारे लगाए। संस्थापक नीतू गुप्ता एवं महासचिव अनुष्का गुप्ता ने मुख्य अतिथि मनोज भदौरिया तथा महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया। अपने सम्बोधन में मनोज भदौरिया ने कहा की दुर्गा महोत्सव में आना उनके लिए सौभाग्य पूर्ण है तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी कामयाबी का डंका बजा रही है। कन्या भ्रूण हत्या ना करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने बच्चों की जान के लिए तो पशु पक्षी भी जान की बाजी लगा देते हैं। महोत्सव में तरह तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की प्रतुति से समाज में व्याप्त कुर्तियां को हटाने के लिए अच्छा संदेश देने का काम समिति की ओर से किया गया। अध्यक्ष रूबी द्विवेदी मनु ने कहा नवरात्रि शक्ति की आराधना का महापर्व है, और यह पर्व सिर्फ माता रानी की पूजा अर्चना मात्रा हेतु नहीं बल्कि महिषासुर का दंभ तोड़कर उसका सीना चीरने वाली दुर्गा को स्मरण करने का महापर्व है। इस दौरान मुख्य रूप से हरिओम भदौरिया नितिन चतुर्वेदी प्रियांशु ठाकुर सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



# एडीजी जोन को विजयादशमी पर किया सम्मानित

कानपुर। आनन्दपुरी नागरिक परिषद कानपुर नगर द्वारा आयोजित दशहरा मेला एवं रावण दहन कार्यक्रम में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा नगरवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी गयीं। क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने रावण दहन पर आतिशबाजी की सुरक्षा का लिया जायजा

कानपुर। दशहरा पर्व के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा द्वारा थाना नौबस्ता व थाना गोविंद नगर क्षेत्रातंर्गत मय स्थानीय पुलिस फोर्स गस्त कर दशहरा मेला व रावण दहन एवं दहन के दौरान होने बाली आतिशबाजी की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दशहरा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से लगातार भ्रमणशील रहकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि रावण दहन कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। अराजकतत्वों पर विशेष नजर रखने के साथ ही रावण दहन कार्यक्रम की निगरानी सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता, प्रभारी निरीक्षक नौबस्ता व प्रभारी निरीक्षक गोविंद नगर मौजूद रहे।

# पुलिस पर पथराव के आरोपी को भेजा जेल

## -पथराव में दरोगा और कांस्टेबल हुए थे घायल,पीआरवी वाहन क्षतिग्रस्त



कानपुर। ग्वालटोली पुलिस ने दरोगा और कांस्टेबल समेत भीड़ पर पथराव करने वाले युवक गौरव गुप्ता उर्फ मोलू को रविवार को जेल भेज दिया। किराएदारों से मकान नहीं खाली करने को लेकर विवाद और फिर पुलिस के सुनवाई नहीं करने से आजिज मोलू घर की चौथी मंजिल पर चढ़ गया था। धमकी दी थी कि किराएदारों ने खाली नहीं किया तो खुद को आग लगा लेगा या फिर चाकू से खत्म कर लेगा। इसके बाद पुलिस पहुंची तो पथराव कर दिया था। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने मोलू को अरेस्ट किया और फिर रविवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया ।ग्वालटोली निवासी गौरव गुप्ता उर्फ मोलू के चार मंजिला घर में चार किराएदार रहते हैं। किराएदारों से मकान खाली कराने को लेकर मोलू से विवाद भी चल रहा है। मोलू का आरोप था कि उसने चौकी, थाना और पुलिस कमिश्नर के दफ्तर में किदरादरों के खिलाफ जबरन घर कब्जा करने की शिकायत की, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। इस बात को लेकर वह परेशान था और शनिवार को वह सुसाइड करने के इरादे से सिलेंडर व माचिस लेकर चौथी मंजिल पर चढ़ गया था। पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो छत से पथराव शुरू कर दिया। इसमें दरोगा और कांस्टेबल समेत छह लोग धायल हुए थे। इतना ही नहीं सिलेंडर का रेगुलेटर खोलकर आग लगाकर सुसाइड की धमकी दे रहा था, तो कभी सीने पर चाकू लगाकर खुद को जान से मारने की धमकी दे रहा था। मामले में ग्वालटोली थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने पुलिस फोर्स के साथ तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मोलू हिरासत में लिया और थाने ले गई थी। परिवार के लोगों का कहना था कि वह मानसिक बीमार है, लेकिन जांच में पूरी तरह से स्वस्थ्य पाया गया। इसके बाद मोलू के खिलाफ ग्वालटोली पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके रविवार को जेल भेज दिया ।मामले में ग्वालटोली थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी को बार-बार समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं माना और पथराव शुरू कर दिया। पथराव में पुलिस की पीआरवी का शीशा टूट गया और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। दरोगा और कांस्टेबल घायल हो गए। इस वजह से मामले में आरोपी गौरव गुप्ता उर्फ मोलू के खिलाफ हत्या का प्रयास, सरकारी कर्मचारी पर हमला करने, लोक सेवक को गंभीर चोट पहुंचाने, आत्महत्या की धमकी देना समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

# बैंक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पाया काबू

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नवाबगंज में शॉर्ट सर्किट से बैंक के एसी में आग लग गई। मामले की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंची और महज आधे घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। बैंक स्टाफ भी मौके पर पहुंचा, लेकिन समय रहते आग बुझने से बड़ा हादसा टल गया। छुट्टी के दिन एसी में कैसे शॉर्ट सर्किट हुआ। एसी खुला छूटने का बैंक प्रबंधन जांच कर रही है ।सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि आजाद नगर नवाबगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक में रविवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। पड़ोसियों ने बैंक से धुआं निकलते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। मामले की जानकारी मिलते ही बैंक स्टाफ भी मौके पर पहुंचा। बैंक के अंदर धुआं भरने से सामान, छत और दीवारें काली जरूर पड़ गईं। फिर भी कोई सामान जला नहीं। सीएफओ ने बताया कि समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुंचने से बड़ा हादसा टल गया। जांच के दौरान सामने आया कि एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है, जल्दी में एसी खुला छूट गया था और उसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह आग लगी है।

# डीजी पुलिस आवास निगम ने बादशाही नाका की नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कानपुर। डीजी पुलिस आवास निगम प्रेम चन्द मीणा एवं पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा थाना बादशाहीनाका की नवनिर्मित इमारत का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के मुख्य बिंदु इमारत की संरचना और सुविधाओं की समीक्षा थाने के कार्यों को सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश ।मालखाना (संपत्ति भंडारण कक्ष) की सुरक्षा और व्यवस्थित प्रबंधन ।पुलिस कर्मियों और जनता के लिए बेहतर सेवाओं और सुविधाओं का प्रावधान। थाना कार्यालय, मालखाना, बैरक, भोजनालय की समीक्षा कर, मानक व गुणवत्ता के साथ कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# दीपावली तक खुला रहेगा गोविन्द नगर बाजार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। गोविंद नगर बाजार की साप्ताहिक बंदी दिन मंगलवार को होती है ।1 नवबंर को दीपावली जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार है ।अत: आगामी 15, 22 एवं 29 अक्टूबर मगंलवार को गोविंद बाजार की साप्ताहिक बंदी होने के बावजूद गोविंद नगर बाजार उक्त दिवस को खुला रहेगा ।यह जानकारी गोविंद नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य ने दी । उन्होंने बताया कि साप्ताहिक बंदी के दिन गोविंद नगर बाजार खुला रखने का उपरोक्त फैसला गोबिन्द नगर व्यापार मंडल की नदंलाल चौराहा स्थित व्यापार मडंल कार्यालय में रविवार को संपन्न बैठक में लिया गया । उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल के उपरोक्त निर्णय की जानकारी जिलाधिकारी कानपुर नगर एवं उपश्रमायुक्त को भी दे दी गई हैं ताकि कारोबारियों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो ।बैठक मे अंकुर खन्ना, प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी,स.हरप्रीत सिंह स्वीटी, अरूण कुमार बाजपेयी बउवा,राजेन्द्र मेहता आदि रहे।

# आईएपी एडोलेसेन्ट वीक मे कन्या दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम किया आयोजित

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) द्वारा आईएपी एडोलेसेन्ट वीक मे कन्या दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 40 एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व को उजागर करना और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं समग्र विकास के प्रति जागरूकता फैलाना था ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशवंत राव ने किया, उन्होंने बेटियों के जीवन में भूमिका और उनके प्रति समाज की जिम्मेदारियों पर गहन दृष्टिकोण साझा किया।

डॉ. यशवंत राव ने बताया कि आज भी हमारे देश में लिंग अनुपात 914 लड़कियाँ प्रति 1000 लड़कों का है। हर 3 में से 1 लड़की अपने जीवन के पहले साल में ही मृत्यु का शिकार हो जाती है, और हर 4 में से 1 लड़की अपनी 15वीं वर्षगांठ मनाने से पहले ही जीवन खो देती है। 5 में से 2 लड़कियाँ कुपोषित हैं, और हर दूसरी किशोरी एनीमिया से ग्रसित होती है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में 30त्न महिलाएँ कम उम्र में शारीरिक या यौन हिंसा का सामना करती हैं ।बाल रोग अकादमी, कानपुर के सचिव डॉ. अमितेश यादव ने कहा कि आज की बेटी-

बालिका, हमारा वर्तमान और भविष्य है। वह एक सृजनकर्ता और पालनकर्ता है, इसलिए हमें उसकी सेहत और पोषण का ध्यान रखना चाहिए, विशेष रूप से एनीमिया की रोकथाम पर जोर देना चाहिए।

उन्होंने पॉक्सो (क्क्रष्टस्ह्र) अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी कि यह एक जेंडर न्यूट्रल कानून है, जो 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों के लिए लागू होता है। यह कानून बच्चों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए रिपोर्टिंग, पुन: समन्वय और परीक्षण की प्रक्रिया को बाल-सुलभ बनाता है। उन्होंने बताया कि बाल यौन शोषण के मामलों की अनिवार्य रिपोर्टिंग जरूरी है और 1098 या 112 हेल्पलाइन का उपयोग करके इनकी सूचना दी जा सकती है ।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने बेटियों के सम्मान और उनकी भलाई के लिए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया। डा प्रतिभा सिंह, डा सौरभ, डा नरेश, डा प्रज्ञा ने भी अपने विचार प्रकट किया।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।